TC- MPBIL02560

# इंदौर फर्स्ट

डिजिटल
A Bilingual daily newspeper
दैनिक समाचार पत्र

वर्ष-03 अंक-[redacted] 66 | उज्जैन, मंगलवार 15 अप्रैल 2025 | मूल्य- 5 रू. पृष्ठ-8

# डॉ. अम्बेडकर के योगदान से ही भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश बना : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर महू में आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित





**संजय जैन,सह-संपादक।** भोपाल । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने 20वीं शताब्दी में ऐसे अनेकों उल्लेखनीय कार्य किए, जिनसे 1000 वर्ष की गुलामी की विसंगतियां दूर हुईं। इन्हीं के आधार पर आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश बना है। डॉ. अम्बेडकर के जीवन के योगदान बहुआयामी हैं, उन्हें भारत में भविष्य की चुनौतियों का आभास हो चुका था, यद्यपि उनका जीवन बहुत कठिनाई के साथ बीता, लेकिन वे ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने स्वयं के संघर्ष से सीख ली और अपने जैसे दूसरे लोगों की मदद की। बाबा साहेब ने स्वयं की शिक्षा में कोई कसर नहीं रहने दी, इससे यह प्रेरणा मिलती है कि व्यक्ति के जीवन में शिक्षा में कभी कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर द्वारा समाज के बंधुत्व और उत्थान के लिए किए गए कार्य भूतो न भविष्यति हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनकी जन्म स्थली महू में भीम जयंती महोत्सव को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब ने समूचे समाज को आरक्षण जैसी व्यवस्था प्रदान की। आज अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति सहित हर वर्ग को साक्षरता का लाभ मिल रहा है। अनुसूचित जाति वर्ग की साक्षरता जो कभी मात्र 1.5 प्रतिशत थी, आज 59 प्रतिशत तक पहुंच गई है। भविष्य में जब-जब कठिनाई आएगी, हम सर्वहारा वर्ग के सशक्तिकरण का ध्यान रखेंगे। डॉ. अम्बेडकर ने सामाजिक सशक्तिकरण के लिए मजबूत संविधान बनाया और देश को लोकतंत्र दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. अम्बेडकर से जुड़े सभी स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में मान्यता दी। महू स्थित भीम जन्मभूमि को तीर्थ के रूप में विकसित करने में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा और शिवराज सिंह चौहान का योगदान महत्वपूर्ण है।

डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भीम जन्मस्थली महू में धर्मशाला निर्माण के लिए 3.5 तीन एकड़ जमीन दी जा रही है। इससे यहां आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा होगी, सभी आगंतुकों की संपूर्ण सुविधा का प्रबंध राज्य सरकार की ओर से किया जाएगा। राज्य सरकार ने सर्वहारा वर्ग और प्रदेश के किसानों को समृद्ध बनाने के लिए डॉ. अम्बेडकर कामधेनु योजना शुरू की है। अगर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग का कोई व्यक्ति दूध डेयरी खोलेगा, तो उसे हमारी सरकार द्वारा 30 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। केंद्र सरकार की ओर से एक दिन पहले ही भीम जन्मस्थली महू को नई ट्रेन की सौगात मिली है। अब महू शहर सीधा देश की राजधानी दिल्ली से जुड़ गया है। इस रेलगाड़ी की शुरुआत का लाभ कोटा के साथ-साथ मालवा क्षेत्र के इंदौर, उज्जैन और देवास को भी मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लंदन में भी डॉ. अम्बेडकर का भव्य स्मारक बना है, इसी स्थान पर उन्होंने शिक्षा प्राप्त की थी। यह एक आवासीय क्षेत्र है। अंग्रेजों ने स्मारक बनाने का काफी विरोध किया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से वहां भी तीर्थ का निर्माण हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी ने धारा 370 हटाकर जम्मू-कश्मीर को उसका अधिकार वापस दिया है। बाबा साहेब डॉ.अम्बेडकर ने भी धारा 370 को स्वीकार नहीं किया था।

विचारक मुकुल कानिटकर ने कहा कि 1891में आज के दिन महू से एक सकारात्मक क्रांति की शुरुआत हुई थी, एक क्रांति सूर्य का उदय हुआ था। डॉ. अम्बेडकर ने वर्ष 1916 में मात्र 27 वर्ष में अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय से इकोनॉमिक्स की डिग्री प्राप्त की थी। कोलंबिया यूनिवर्सिटी में सिर्फ एक ही स्टैच्यू लगा है, वो बाबा साहेब अम्बेडकर का है। उन्होंने अर्थशास्त्र में पीएचडी और समाजशास्त्र व मानवशास्त्र में एमए किया। उस समय वे विश्व में सर्वाधिक डिग्री हासिल करने वाले व्यक्ति थे। वे किसी एक जाति-धर्म के नेता नहीं सर्वसमाज के नेता हैं। उन्होंने स्वयं शिक्षित होकर समाज को शिक्षित किया और समाज को रूढ़ीवाद से दूर कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। प्रत्येक व्यक्ति के लिए बाबा साहेब के विचारों का अध्ययन आवश्यक है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव और मंचासीन अतिथियों ने संवैधानिक सामाजिक न्याय एवं चिंतन पुस्तक का विमोचन किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर, सांसद कविता पाटीदार, पूर्व मंत्री और विधायक ऊषा ठाकुर सहित वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मेहरा समाज ने अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई







**अजय बचले** आमला। जब तक सूरज चांद रहेगा बाबा साहब का नाम रहेगा बाबा साहब अमर रहे जय भीम जय भीम के नारो की गूंज के साथ बस स्टैंड और नगरपालिका स्कूल परिसर में स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। आमला नगर पालिका अध्यक्ष नितिन गाडरे ने कहा कि भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब ने संविधान में सभी के हितों को सुरक्षित रखा है। भारत का संविधान पूरे विश्व में सबसे मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था है। पूर्व विधायक सुनीता बेले ने बाबा साहब के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके किए गए कार्यों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आव्हान किया, आमला ब्लॉक अध्यक्ष अजय बचले ने कहा की डॉ. अंबेडकर के संघर्षपूर्ण जीवन, उनके विचारों और सामाजिक न्याय, समानता एवं एकता के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। महिला ब्लॉक अध्यक्ष सुनीला घोरसे ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए, डॉ. अंबेडकर ने जो कार्य किए, वे आज भी प्रेरणादायक हैं। उनका जीवन हमें एक समतामूलक समाज की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग दिखाता है। इस मौके पर अतिरिक्त प्रदेश प्रभारी अशोक नागले प्रांतीय उपाध्यक्ष रमेश बेले आमला ब्लॉक अध्यक्ष अजय बचले ब्लॉक सचिव संदीप बचले हंसराज नागले विमल बेले महिला ब्लॉक अध्यक्ष सुनीला घोरसे ब्लॉक सचिव चंदा बेले, बेला गोहे एवं तमाम लोग मौजूद रहे।

# घर के बाहर टहल रही महिला को पिकअप वाहन ने मारी टक्कर, हुई मृत्यु

## पूर्व महिला बाल विकास मंत्री रंजना बघेल की हैं भतीजी



**आशीष वाणी** अलीराजपुर - ग्राम सोरवा मे घर के बाहर खाना खाकर टहल रही महिला को पीछे से तेज रफ्तार से आ रही पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी जिससे महिला की मृत्यु हो गयी। जानकारी के अनुसार सोरवा के स्वर्गीय कुशल सिंह किराड़ की सुपुत्री,दिलीप किराड़, प्रदीप किराड, कुलदीप किराड की बहन पुर्व मंत्री रंजना बघेल मुकाम किराड की भतीजी, सुमित्रा डूडवे पति डॉक्टर मगन जी डूडवे(बड़ी खट्टाली) उम्र लगभग 45 वर्ष रात का खाना खाकर सोरवा मे अपने घर के बाहर टहल रही थी तभी पीछे से तेज रफ्तार से लापरवाहीपूर्वक पिकअप वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी टककर इतनी जबरजस्त थी की उनके सर मे बहुत गहरी चोट लगी जिसके बाद उन्हें परिजन जिला चिकित्सालय लाये जहा उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी। एमरजेंसी यूनिट मे ड्यूटी डॉक्टर्स ने बहुत कोशिश की लेकिन सर मे अधिक गहरी चोट लगने से उन्हें बचाया नहीं जा सका। सुमित्रा डूडवे के निधन की खबर लगते ही ग्राम सोरवा व खट्टाली मे शौक की लहर छा गयी। उनका जाना परिवार और समाज के लिये अपूरणीय छति है।

# बाबा साहेब विलक्षण व्यतित्व के धनी रहे- नरेन्द्र सिर्वी

## संविधान बाबा साहेब के व्यक्तित्व और कृतित्व का सुन्दर प्रकाशन - मनोज साधु



**कुक्षी - बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुक्षी में मनाई गई । इस अवसर पर संस्था प्रभारी नरेन्द्र कुमार सिर्वी ने कहा कि बाबा साहेब विलक्षण प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। वे भविष्य के भारत के परिदृश्य को दृष्टि में रखकर निर्णय लेने की अद्‌भुत क्षमता रखने वाले व्यक्ति थे । संविधान के कुशल शिल्पज्ञ डॉ.भीमराव अंबेडकर के लिए भारत जैसे विशाल राष्ट्र के लिए लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाए रखते हुए संविधान में समस्त मूलभूत अवधारणाओं को शामिल करना एक कठिन चुनौती थी किन्तु अपने बुद्धिकौशल से बाबा साहेब ने यह कर दिखाया । मनोज साधु ने कहा कि संविधान डॉ.अंबेडकर के व्यक्तित्व व कृतित्व का सुन्दर प्रकाशन है समानता के अधिकार के हिमायती डॉ. भीमराव अंबेडकर मानव अधिकारों की रक्षा के पक्षधर रहे । न्याय पाने का हर व्यक्ति को अधिकार है यह उनका लक्ष्य रहा । वे भेदभाव से परे समान अधिकार के लिए सदैव जनजीवन को जागरूक करते रहे । नीतेश गोयल ने कहा कि आज हम सब स्वतंत्र व स्वस्थ लोकतंत्र में एकता और अखंडता के भाव के साथ रह रहे हैं और राष्ट्र राज्य के लिए सदैव समर्पित रहते हैं यह बाबा साहेब के विचारों की देन है । हमें उनके आदर्शों पर चलकर राष्ट्रहित के लिए सदैव जागरूक रहना चाहिए । कार्यक्रम में लक्ष्मणसिंह जामोद , दिनेश डावर , वीरूसिंह भिड़े , दिलीपसिंह चौहान , मोहनसिंह भिड़े , महेश वास्के , अनिल गुप्ता , दीपक मालवीया , नारायण गुप्ता , अनिल पाण्डेय , विजय जारेवाल , नरसिंह मौर्य , आशा काग तथा पिंकी राणे आदि उपस्थित थे ।**

## ओल इन्डिया जैन जर्नलिस्ट ऐशोसियेशन के राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष हार्दिक हुंडीया ने नीमच जिले में जैन साधुओं पर हुए हमले की कड़ी निदां की



**( विनोद सांवला हरवार )** मुम्बई। नीमच जिले में जैन साधुओं पर हमले की शर्मनाक घटना सामने आने से समग्र जैन समाज में आक्रोश और दु:ख की लहर है। ओल इन्डिया जैन जर्नलिस्ट ऐशोसियेशन के राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने इस घटना की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है की हम सब को संयम , तप और अंहीषा का मार्ग प्रशस्त करने वाले हमारे आदरणीय गुरु भगवंतों पर इस तरह जानलेवा हमला होना बड़ा ही गंभीर कृत्य है। हमारे जैन संतों की रक्षा करना हम सब का परम कर्तव्य है जिसको हम कहीं ना कहीं चुक रहे हैं। यह घटना कुछ इस तरह घटीत हुई है। नीमच जिले के सिंगोली थाना क्षेत्र में तीन जैन मुनियों पर छह बदमाशों ने हमला कर दिया। जैन मुनि विश्राम करने रविवार रात सिंगोली मार्ग स्थित हनुमान मंदिर में रुके थे। रात करीब 12 बजे आरोपियों ने लूट के इरादे से लाठी और धारदार हथियार से हमला किया। घटना के बाद दो बदमाशों को तो लोगों ने मौके पर ही पकड़ लिया। हमले में घायल मुनियों ने इस अवस्था में भी धर्म का पालन करते हुए अस्पताल जाने से इनकार कर दिया, जिसके बाद सभी को जैन स्थानक भवन में रखा गया है। घटना के बाद जैन समाज की ओर से नगर बंद का आह्वान किया गया है। वहीं पुलिस ने 6 आरोपियों को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी राजस्थान के चित्तौड़गढ़ के रहने वाले हैं।

**शराब पीने के बाद की मारपीट**
जैन संत शैलेष मुनि जी, बलभद्र मुनि जी और मुनींद्र मुनि जी विहार पर हैं। वे सिंगोली से नीमच जा रहे थे। रविवार-सोमवार की रात वे कछला गांव के पास हनुमान मंदिर में विश्राम के लिए रुके थे। इसी दौरान तीन बाइक से कुछ बदमाश वहां पहुंचे। पहले उन्होंने मंदिर के सामने बैठकर शराब पी। उन्हें जैन मुनि दिखे तो मंदिर में जाकर उनसे रुपए रुपए मांगने लगे। जब मुनियों ने मना किया, तो मारपीट शुरू कर दी। जान बचाने के लिए एक जैन मुनि सड़क की ओर भागे। उन्होंने रास्ते से गुजर रहे बाइक सवार से मदद मांगी। उससे समाज के लोगों को फोन करने के लिए कहा। बाइक सवार ने जैन समाज के कुछ लोगों को फोन किया। सूचना पर कछला गांव के लोग भी आ गए। लोगों को आता देख चार बदमाश भाग निकले, जबकि दो को लोगों ने पकड़ लिया। थोड़ी देर में पुलिस भी पहुंच गई।

**सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे**
घायल जैन मुनियों को जैन परंपरा के अनुसार रात में इलाज नहीं किया जाता, इसलिए घायल मुनियों ने रात में दवा नहीं ली। इलाज नहीं करवाने पर भी वे अड़े रहे। सोमवार सुबह जैन स्थानक भवन में इलाज शुरू किया गया। बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई है।

**हार्दिक हुंडिया ने कहा की आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई हो-** जैन धर्म के लिए हमेशा सकारात्मक अभिगम रखने वाले धर्मप्रेमी हार्दिक हुंडीया धर्म की रक्षा और गुरु भगवंतों कि वैयावच्च के लिए जागृत रहते हैं। इस तरह के गंभीर कृत्य पर उन्होंने प्रसाशन से अनुरोध किया है की आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले ।
जैन समाज शांति प्रिय समाज है। उनके गुरु भगवंतों का आदर हो, सम्मान हो और रक्षा के लिए समाज हमेशा जागृत रहता है। ऐसे समय में साधु ओं पर हिसंक हमला होना निंदनीय है। उन्होंने समस्त जैन समाज को एकसाथ जुड़कर इस गंभीर घटना पर कठोर कार्रवाई हो। और एक जुट होकर भविष्य में इस तरह की घटनाएं ना हो उसके लिए भी ठोस कदम उठाने कि मांग कि है।

# अखिल भारत हिन्दू महासभा का 110 वां स्थापना दिवस बनाया गया



**राजेश पिळे** इंदौर– सोमवार को अखिल भारत हिन्दू महासभा का 110 वां स्थापना दिवस वीर सावरकर चौराहा (जंजीर वाला चौराहे) पर वीर सावरकर प्रतिमा स्थल पर बनाया गया, कार्यक्रम के प्रारंभ में सावरकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हिन्दू महासभा के प्रदेशाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया की मुस्लिम लीग की कट्टरपंथी विचार धारा और कांग्रेस के मुस्लिम प्रेम के कारण जब हिन्दू नेतृत्व विहीन था हिन्दुओ का कोई नेतृत्वकर्ता नहीं था तब 1915 में देश भर के हिन्दू राजाओ, संतों, विद्वानों, और क्रांतिकारियो ने मिलकर हिन्दू समाज को संगठित करने के लिये हिन्दू महासभा की स्थापना की, पहले अध्यक्ष काशी नरेश महाराजा मणिन्द्रचंद्र नंदी बने उसके बाद पंडित मदन मोहन मालवीय जी, लाला लाजपत राय स्वामी श्रद्धानंद जी, शंकराचार्य कुर्तकोटी, वीर सावरकर जी, योगी आदित्यनाथ जी के गुरु महंत दिग्विजय नाथ जी महंत अवैध नाथ जी और कई विद्वान हिन्दू महासभा के अध्यक्ष बने और देश की आजादी की लड़ाई लड़ी, हिन्दू महासभा के कई क्रांतिकारीयो ने आजादी में अपना बलिदान दिया भगत सिंह भी अपने जिले के युवा हिन्दू महासभा के अध्यक्ष रहे थे देश के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद हिन्दू महासभा के बिहार प्रदेश के अध्यक्ष रहे, आज के समय समाज में कार्य कर रहे कांग्रेस या कोई और संगठन और पार्टी नहीं बता सकते है कि उनके किसी नेता ने देश के लिए बलिदान दिया है देश की आजादी में बलिदान होने वाले सबसे अधिक नेता हिन्दू महासभा के थे राम मंदिर का केस भी 70 साल तक हिन्दू महासभा ने लड़ा और जीता, धार भोजशाला आंदोलन में भी हिन्दू महासभा 1935 से सक्रिय रूप से लड़ रही हैं धारा 370 राम मंदिर इन सब विषयों पर हिन्दू महासभा लड़ती रहीं हैं
आज 110 वें स्थापना दिवस के अवसर पर हिन्दू महासभा इंदौर के दिवंगत कार्यकर्ता राजा सिंह राजपूत और ओमकार सिंह शेखावत के परिवार का सम्मान किया गया और उन्हें हिन्दू महासभा के प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में डॉ अखिलेश चंद्र शर्मा ने भारतीय इतिहास और वर्तमान विषय पर अपने विचार रखे, आर्य दक्षदेव गौड़ ने वेद के सिद्धांत से युवाओं का निर्माण पर अपने विचार रखे, योगगुरु उज्जवल स्वामी ने हिन्दू समाज की वर्तमान चुनौतियों पर अपने विचार रखे संचालन राजन महाशब्दे जी ने किया, राष्ट्रीय कवि दिनेश पाठक ने कार्यक्रम के प्रारंभ में बहुत ही सुंदर राष्ट्रभक्ति की कविताओं से शुरुआत की, साथ ही वरिष्ठ पदाधिकारी अर्जुन सिंह चौहान, नंदकिशोर पंवार, अखिलेश चौधरी, अंकित रिंगे, दीपक व्यास, संजीव ठाकुर, डॉ किरण सहारे, संगीता राठौर, वर्षा मांडले, मुनीष गुप्ता, मोहन बामनिया, हेमंत राठौर, नितिन खरगोनकर, अवध साहू, मधुर टेमले, गगन देव सिंह, विक्रम डोडीया, सावन सोनी, मनोज शेखावत, पंकज राजपूतों, विक्की चावरे, अमन पटेल, और सेंकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में शामिल हुवे कार्यक्रम के अंत में विगत कई वर्षों से सक्रिय कार्यकर्ता नितिन खरगोनकर, अंकित रिंगे, और अवध साहू का सम्मान किया गया

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स संघ तहसील शाखा बदनावर का वार्षिक सम्मेलन बनाया गया



**बदनावर प्रदीप पंवार** बद्नाव 'प्रोग्रेसिव पेंशनर्स संघ तहसील शाखा द्वारा चोपड़ा उचितर माध्यमिक विद्यालय बदनावर पर संपन्न हुआ ! कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम बदनावर श्री दीपक चौहान विशेष अतिथि श्री कांता प्रसाद निगम प्रांतीय सरक्षक श्री ए.आर खान संभागीय महामंत्री जिला अध्यक्ष श्री प्रमोद टोंगिया, जितेंद्र सिंह गौड़ सहा. प्रबंधक स्कूल बदनावर श्री रियाजुद्दीन शेख प्राचार्य सीएम राईज स्कूल बदनावर थे ! कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती का पूजन कर दीप प्रजलित किया गया सरस्वती वंदना श्रीमती शोभा सक्सेना द्वारा किया गया,, श्री महेंद्र सिंह चंद्रावत अध्यक्ष पेंशनर संघ बदनावर द्वारा अतिथि परिचय करवाया तथा श्री वीरेंद्र कुमार रावल वरिष्ठ सदस्य द्वारा स्वागत भाषण दिया, कोषाध्यक्ष श्री अशोक कुमार सारण द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन किया अतिथि गण द्वारा 80 वर्ष की आयु के पेंशनर्स तथा पूर्व अध्यक्ष एवं सबसे अधिक उम्र दराज पेंशनर्स श्री सदाशिव शर्मा ढोलना, रतन सिंह सोलंकी पूर्व अध्यक्ष, मनोहर धोड़पकर, बालूसिंह पँवार पूर्व अध्यक्ष, गोवर्धन लाल त्रिवेदी, जगदीशचंद्र शर्मा, रामचंद्र डोड को मोतियों की माला पहनाकर तथा शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया, इसके अतिरिक्त दोनों नए सदस्य ज्ञानमल जैन एवं गोवर्धन लाल राठौर द्वारा संघ की सदस्यता लिए जाने पर उनका भी स्वागत किया गया, कार्यक्रम में उपस्थित प्रेस क्लब के पदाधिकारी श्री धर्मेंद्र अग्निहोत्री, दिलीपसिंह चौहान, राकेश चौहान, नवीन चौहान, तथा प्रदीप पँवार का भी अध्यक्ष द्वारा माला पहनाकर अभिनंदन किया गया, प्रोग्रेसिव पेंशनर्स संघ के जिला एवं अन्य तहसीलों से पधारे श्री मोहनसिंह परिहार कार्यकारी जिला अध्यक्ष अंतर सिंह यादव, प्रदीप देवासकर, श्रवण सिंह नायक, शैलेंद्र तिवारी, शंकरसिंह मालवीय, जगदीश शर्मा, देवी सिंह वर्द्धमान अध्यक्ष धरमपुरी, ओंकार लाल दुबेला अध्यक्ष सरदारपुर, चंद्रसेन यादव आदि का स्वागत अध्यक्ष चंद्रावत द्वारा किया गया, मुख्य अतिथि श्री दीपक चौहान एसडीएम बदनावर द्वारा अपने उद्बोधन मैं कहा कि आज मैं पहली बार इस प्रकार के कार्यक्रम में उपस्थित हुआ हूं, मुझे काफी प्रसन्नता महसूस हो रही है आप सभी विभाग के अनुभवी सेवा निवृत अधिकारी कर्मचारी हो जितनी आप लोगों ने सेवा की उतनी मेरी आज उम्र भी नहीं है अभी अध्यक्ष जी द्वारा भूमि के संबंध में जिक्र किया मैं आपकी इस मांग पर कलेक्टर साहब से चर्चा करूंगा मुझे संघ की तरफ से जितनी जल्दी भूमि आवंटन की कार्यवाही करेंगे उससे दोगुना ज्यादा मैं करूंगा हो सकेगा तो मैं कलेक्टर साहब से चर्चा कर पेंशनर संघ की बैठक आदि के लिए कोई शासकीय भवन ही आवंटित करवाने का प्रयास करूंगा, मैं हमेशा आपके साथ हूं प्रांतीय संरक्षक श्री के.के. निगम द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि शासन का रुख पेंशनर्स के लिए ठीक नहीं है वह निवेदन पर मानने वाली नहीं है अपनी मांगों के लिए आंदोलन करना होगा इसके लिए सभी तैयार रहे माह जून में एक बड़ा आंदोलन होना संभावित है, संभागीय महामंत्री श्री खान द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि हमें संगठित होकर रहना होगा वरना यह सरकार आपको कुछ देने वाली नहीं है हमेशा धारा 49(6) के बहाने बनाकर पेंशनर्स के साथ अन्याय कर रही है, अब मधुमक्खी के जैसा रहना होगा क्योंकि हमें छेड़ोगे तो हम छोड़ेंगे नहीं जिला अध्यक्ष द्वारा बताया की धार जिले के प्रोग्रेसिव पेंशनर्स संघ का बहुत अच्छा कार्य चल रहा मध्य प्रदेश शासन धारा 49(6) का सहारा ले रही है और हमें हमेशा 8-10 माह बाद डी.ए. देने की घोषणा करती है और पेंशनर्स की उक्त अवधि का डी.ए. हजम कर जाती है, धारा 49(6) हटाने के लिए मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सरकार कहती है कि इसे हटाने के लिए हमने केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजें कई वर्षों से संगठन इसके लिए प्रयत्नशील है, शासन द्वारा बुजुर्ग पेंशनरों के विरुद्ध एक और निर्णय लिया जिसमें जिला संभाग में स्थित पेंशन कार्यालय भोपाल स्थापित किया जा रहा हैं, श्री जितेंद्र सिंह गौड़ द्वारा अपने उद्बोधन में बताया कि पेंशनर्स की हर समस्या के लिए हम तत्पर रहते हैं किसी भी प्रकार की समस्या ज्ञात होने पर उसका शीघ्र निराकरण करते है इसके अतिरिक्त पेंशनर्स को बैंक से लिए जाने वाले फायदे के संबंध मे भी प्रकाश डाले, प्राचार्य श्री रियाजुद्दीन कुरैशी द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि यह स्कूल पेंशनर्स के हर कार्यक्रम हेतु खुला है, किसी भी प्रकार के आयोजन में हम पूर्ण सहयोगी रहेंगे मुझे कार्यक्रम में आमंत्रित किया इसके लिए संघ का आभार व्यक्त करता हूं, कार्यक्रम में लगभग 160 से अधिक पेंशनर्स उपस्थित थे इस कार्यक्रम को सफलतम रूप दिलवाने में अध्यक्ष श्री महेंद्र सिंह चंद्रावत, जिला उपाध्यक्ष हुकमसिंह सोलंकी, अशोककुमार सारण, रामचंद्र वर्मा, लोकेंद्रकुमार जोशी, ईश्वरलाल जोशी, सत्यनारायण गोयल, नरसिंह सोलंकी,रमेशचंद्र हारोड, हेमराज पँवार, मनोहर मेहरूनकर, अशोक कुमार उपाध्याय, शैलेंद्र कुमार जोशी, वीरेंद्र कुमार रावल, आदि का सराहनीय योगदान रहा, कार्यक्रम का संचालन सुश्री शीला शराफ ने किया तथा आभार श्री शांताराम पाटीदार द्वारा माना गया, उक्त जानकारी संघ सचिव हुकुमसिंह सोलंकी द्वारा दी गई

# भाजपा ने पर्व के रूप में मनायी डॉ.भीमरावअम्बेडकर जयंती

**लोकेशन खाचरोद**
**रिपोर्टर गिरधारी गेहलोत**





खाचरौद,भाजपा मंडल खाचरौद ने संविधान निर्माता श्रधेय डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर्व के रूप में मनाई। जयंती की पूर्व संध्या पर स्टेशन रोड स्थित प्रतिमा स्थल की सफाई कर, दीप प्रज्वलित किये गए । जयन्ती पर सुबह प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मिठाई बांटी गई।इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में सामाजिक कार्यकर्ता पी एस यादव , शोभाराम परासिया, शिवनारायण सारविया, दयाराम धाकड़ एवं विजयसेठी द्वारा बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनीषा अखिलेश शर्मा ने की। कार्यक्रम मे वरिष्ठ नेता सुरेश छाजेड़,अश्विन डिंडोरकर, नीतीश सिसोदिया, प्रवीण बंटी जायसवाल ,बाबूलाल राठौर,अनिल छाजेड़ , सूर्यप्रकाश शर्मा, राधेश्याम बंबोरिया, सौरभ जैन,राहुल परमार ,श्रेयांश जैन, प्रवीण रुनवाल ,अतुल चौरडिया, विनोद चतुर्वेदी, सुरेश चावड़ा ,रेखा भाटी ,रेखा सेन ,रीना जायसवाल, माधवी मांडकेस्वर, हरिराम कांकर,प्रवीण नायक ,संजय मेहता, महेश माली, जगदीश खटोलिया,अतुल मानकेस्वर,दिनेश मीणा,दिनेश बाथम,राजेश खटोलिया, शिवा हर्रा,कोमल सकलेचा, राहुल बंबोरिया, अतुल चौरड़िया, सुरेश योगी, मयंक गौतम,राजू मकवाना ,दीपक दरिया,शांतिलाल अटोलिया,तौकीर अहमद जाफरी, नितेश गगरानी,योगेश पांचाल एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जगदीश चौहान ने किया। जानकारी मीडिया प्रभारी सुमित गेलड़ा ने दी।

# बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की 135 सी जयंती बड़े धूमधाम से निकाली



**संजय आचार्य** खरसोद कला के कृपाल नगर में बाबा साहब के स्टेच्यू से शुरू चल समारोह डीजे के सामने सरपंच आनंदीलाल डाबी ने रिबन काटकर जुलूस प्रारंभ किय उपसरपंच प्रतिनिधि श्री हरीश पटेल श्री पंकज जी बारिया भाई जनपद सदस्य शंभू लाल जी मालवीय,कमल सूर्यवंशी, रामेश्वर गुगली ,राधेश्याम गुगली ,कैलाश ड्राइवर सभी की उपस्थित रही बाबा साहब के अनुयाई डीजे के साथ में झंडा बैनर लिए जुलूस हायर सेकेंडरी स्कूल होते हुए महाकाल मंदिर और बाबा मेडिकल के सामने से गुजरा जहां बाबा मेडिकल पर उप सरपंच प्रतिनिधि हरीश पटेल, पंकज बारिया ,महेश बैरागी बाबा मेडिकल के संचालन ने पुष्प वर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया वही चलकर चल समारोह बस स्टैंड चौराहा होते हुए पुनः गड़ी चौक होते हुए कृपाल नगर पहुंच जहां पर इसका समापन हुआ समापन अवसर पर बुजुर्गों का श्री डॉक्टर संतोष बारोड़ के द्वारा बाबासाहेब के प्रतीक चिन्ह, तस्वीर भेंट की ,पगड़ी बधाई इस अवसर पर गैस एजेंसी संचालक भाई गोवर्धन पवार , पंच ईश्वर भेवोदिया शंभू लाल बारोड़ ,बलराम पवार ,अंबाराम सूर्यवंशी अशोक गुगली, दिनेश बारोड़ बाबा साहब के सभी अनुयाई उपस्थित रहे सारे कार्यभार लखन गूगल की अध्यक्षता में सफल रहा साथ ही भाटपचलाना थाना प्रभारी श्री सत्यम जी जाट की पूरी टीम ने सराहनीय सहयोग प्रदान किया समिति के लोगों ने पुलिस प्रशासन का आभार जाताया

# अंबेडकर जयंती मनाई क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**शंभूपुरा। ओम जैन शंभूपुरा।** नेहरू युवा केंद्र चित्तौड़गढ़ के तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी सुमित यादव के नेतृत्व में मदर टैरेसा महिला मंडल अध्यक्ष श्वेता सामर द्वारा स्वास्तिक कंप्यूटर एजूकेशन संस्थान डूंगला पर अंबेडकर जयंती मनाई गई। जिसके तहत 100 से 120 बालक बालिकाओं के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रधान बगदी बाई मीणा द्वारा संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित की साथ ही सरपंच सोहनी बाई मीणा ने दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जयंती के अवसर पर वार्ड पंच भगवती देवी तेली ने अपने विचार व्यक्त करते हूए भीमराव अंबेडकर का बचपन किन कठिनाइयों में गुजारा उसके बारे में बताया कि डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू कस्बे में एक दलित (महार जाति) परिवार में हुआ था। उनका पूरा नाम भीमराव रामजी आंबेडकर था उनका परिवार सामाजिक रूप से निम्न समझे जाने वाले वर्ग से संबंध रखता था जिससे उन्हें बचपन से ही सामाजिक भेदभाव का सामना करना पड़ा। स्कूल में उन्हें अलग बिठाया जाता था पानी छूने की अनुमति नहीं थी और समाज में हर जगह उनके साथ भेदभाव किया जाता था। लेकिन बालक भीमराव ने इन सब कठिनाइयों को अपनी शिक्षा के मार्ग में आडे नहीं आने दिया और शिक्षा के क्षेत्र में दिनों दिन प्रगति करते हुए एक दिन स्वतंत्र भारत के संविधान निर्माता बने। मदर टेरेसा मंडल अध्यक्ष श्वेता सामर ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया की डॉ भीमराव अंबेडकर एक महान समाज सुधारक, अर्थ शास्त्री, राजनीतिज्ञ विविधता और भारतीय इतिहास के सबसे प्रभावशाली व्यक्तित्व में से एक थे उन्होंने भारत के आजादी के समय देश को सही दिशा दिखाने के लिए कई तरह के योगदान दिए और भारत का संविधान तैयार करना उनमें से एक महान कार्य था। क्विज प्रतियोगिता में लगभग 100 से 120 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता में जीते हुए छात्र छात्रों को मदर टेरेसा महिला मंडल द्वारा पारितोषिक वितरण किए गए।

# जैन मुनियों पर हमला निंदनीय, सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**अनिल भरावा** आलोट - सिंगोली से नीमच विहार के दौरान सिंगोली थाना क्षेत्र के ग्राम कछाला के पास हनुमान मंदिर में रुके जैन संत शैलेश मुनिजी, बलभद्र मुनिजी, मुनेंद्र मुनिजी पर रविवार-सोमवार की रात्रि में 6 अज्ञात बदमाशों ने उन पर लाठियों से हमला कर दिया जिससे वे घायल हो गये। इस घटना की जितनी निंदा की जाए वह कम है, निहत्थे जैन मुनि पर इस प्रकार का वार करना प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगाता है । उक्त घटना को लेकर अखिल भारतीय जैन पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष संदीप डाकोलिया , महामंत्रीशिरीषसकलेचा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ सुनील चौपडा ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को एक पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि मध्य प्रदेश में जैन मुनियों के विहार और ठहरने के स्थान पर सुरक्षा प्रदान की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटना घटित ना हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जावे।

# पूर्व राज्यमंत्री जाड़ावत के सानिध्य में शहर कांग्रेस के तत्वाधान में कांग्रेसजनो ने बाबा साहेब को याद कर जयंती मनाई



**शंभूपुरा।ओम जैन शंभूपुरा।** भारतीय संविधान के शिल्पकार, सामाजिक समरसता के अमर पुरोधा महान समाज सुधारक, भारत रत्न पूज्य बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी के जन्मोत्सव के अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत के सानिध्य में शहर कांग्रेस के तत्वावधान में किला रोड सांवरिया जी विश्रांति गृह के पास अंबेडकर जी के प्रतिमा स्थल पर कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा माला पहनाकर उनके चरणों में नमन किया, जिसमे जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी ओर कार्यकर्ताओ ने उपस्थित होकर महान व्यक्तित्व के धनी बाबा साहेब के जन्मोत्सव पर नमन किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता प्रेम प्रकाश मूंदड़ा, शहर अध्यक्ष अनिल सोनी, ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम जाट, प्रदेश सचिव रणजीत लोट, पूर्व सभापति रमेशनाथ योगी, उप सभापति कैलाश पंवार, जिला उपाध्यक्ष नगेंद्र सिंह राठौड़, जिला महामंत्री अहसान पठान, जिला प्रभारी गणेश जाटोलिया, मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद मालीवाल ,आजाद पालीवाल, शहर प्रवक्ता नवरतन जीनगर, कमल गुर्जर, शंभुलाल प्रजापत, टिंकू धामानी, कन्हैया लाल माली शैलेंद्र सिंह शक्तावत, गोपाल सालवी, ललिता रैगर, विनोद लड्ढा, जमील अहमद, शांतिलाल सालवी, कमल जयसिंघानी, मनीष चांवला, दयाल सालवी सहित कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# विधायक आक्या के नेतृत्व में बाबा साहब को नमन कर जयंती मनाई

## हमे बाबा साहब के आदर्शों पर चलने कि आवश्यकता है- विधायक आक्या



**शंभूपुरा।ओम जैन शंभूपुरा।** एससी मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेश आमेरिया ने बताया कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेड्कर की जयंती पर चित्तौड़गढ़ विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या ने किला रोड़ स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। विधायक आक्या ने कहा कि आजादी के पश्चात 1950 में बनाये गये भारत के नये संविधान में बाबा साहब की महत्वपूर्ण भूमिका रही इसलिए बाबा साहब को संविधान निर्माण का जनक कहा जाता है। बाबा भीमराव अम्बेडकर एक प्रमुख विधि वैता, अर्थशास्त्री व समाज सुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आन्दोलन को प्रेरित किया तथा दलितों के साथ होने वाले सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आन्दोलन चलाया। हमे इनके बताये आदर्शों पर चलना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सभापति सुशील शर्मा, भूमि विकास बैंक चेयरमैन बद्री लाल जाट, पूर्व उपसभापति भरत जागेटिया, तेजपाल रेगर, कमलेश आमेरिया, शेलेन्द्र झंवर, पूर्व नगर महामंत्री ओमप्रकाश शर्मा, अनिल ईनाणी, भोलाराम प्रजापत, भरत डंग, विश्वनाथ टांक, पूर्व एससी मोर्चा महामंत्री पूरण रेगर, नवीन पटवारी, दिलीप बेनीवाल, राजेश मोची, राजेश लोठ, गोपाल जाजू, संजय सिसोदीया, जगदीश मण्डोवरा, राजकुमार तोलम्बिया, राजन माली, संतोष टांक, आशीष आर्य, रेणु मिश्रा, सुनीता शर्मा, दिपक वर्मा, पंकज सेन, गोवर्धन सालवी, प्रकाश खिर्ची, उदय लाल धोबी, मुकेश आमेरिया, पीन्टू मीणा, पंकज जागा व रजनीश भाण्ड सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिले में भूसा मशीन से अग्नि दुर्घटनाओं को रोकने जारी किए गए प्रतिबंधात्मक आदेश

## खड़ी फसल के दो किमी के दायरे में भूसा बनाने वाली मशीन से भूसा बनाने पर प्रतिबंध



**पर्वत सिंह राजपूत** रायसेन- जिले में भूसा मशीन से अग्नि दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए जिला दण्डाधिकारी अरूण कुमार विश्वकर्मा के आदेशानुसार भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2003 की धारा 163 के तहत जिले में जिस क्षेत्र में फसल खड़ी हो उस क्षेत्र के दो किलोमीटर के दायरे में भूसा बनाने वाली मशीन से भूसा बनाए जाने पर आगामी 10 दिवस के लिए प्रतिबंध लगाया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा तथा आगामी 10 दिवस की अवधि के लिए सम्पूर्ण जिले की राजस्व सीमा में प्रभावशील रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अंतर्गत दण्डनीय होगा। उल्लेखनीय है कि जिले में अग्नि दुर्घटनाओं से संज्ञान में आया है कि गेहूँ की फसल की कटाई के पश्चात कई किसानों के द्वारा पास में गेहूँ अथवा अन्य फसल खड़ी होने पर भी भूसा की मशीन के द्वारा भूसा बनाया जाता है। भूसा की मशीन का रीपर नीचे चलने के कारण खेतों में पड़े छोटे पत्थरों से रीपर टकराने से चिंगारियां उत्पन्न होकर खेतों में आग लग जाती है जिसके कारण कई किसानों की फसल जल जाने की घटनाएं हुई हैं। जिसके दृष्टिगत जिले में जिस क्षेत्र में फसल खड़ी हो उस क्षेत्र के दो किलोमीटर के दायरे में भूसा बनाने वाली मशीन से भूसा बनाए जाने पर आगामी 10 दिवस के लिए प्रतिबंध लगाया गया है।

# जैन मुनियों पर जानलेवा हमला, बर्बरता पूर्वक लाठी-डंडों से की मारपीट

**घटना को लेकर सिंगोली सहित पुरे जिले में आक्रोश**

**पुलिस ने देर रात लिया बड़ा एक्शन, विधायक ओमप्रकाश सखलेचा, जिला कलेक्टर, एसपी, पहुंचे सिंगोली**






**महेंद्र सिंह राठौड़** सिंगोली- 13 अप्रैल देर रात जिले के सिंगोली थाना क्षेत्र के कछाला गांव में हनुमान मंदिर पर विश्राम कर रहे शैलेश मुनी मुनीन्द्र मुनी बालभद्र मुनी तीनो ही जैन संतो के साथ कुछ समाज कंटको ने लाठी डण्डो से मारपीट कर जान लेवा हमला किया जिसमें जैन संत लहुलुहान हो गये यह खबर जैसे ही क्षेत्र में फैली सिंगोली क्षेत्र में खलबली मच गई और हर सख्स इस घटना से आक्रोशित हो उठा सभी ने 14 अप्रैल को बाजार बंद रख अपराधीयो को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। घटना की जानकारी पर जिला कलेक्टर हिमांशु चंद्रा और एसपी अंकित जायसवाल भी सिंगोली पहुंचे। जहां उन्होंने समाजजनों से मुलाकात की, और सभी को मामले में वैद्यानिक कार्यवाही का आश्वासन दिया। हालांकि मामले में सिंगोली पुलिस ने घटना के बाद ही तत्काल एक्शन लेते हुए कुल 6 आरोपी गणपत पिता राजू नायक,गोपाल पिता भगवान भोई, कन्हैयालाल पिता बंशीलाल भोई,राजू पिता भगवान भोई, निवासी भोई खेड़ा चित्तौड़गढ़,बाबू पिता गणेश शर्मा टोकरियाँ राजस्थान को राउंडअप कर लिया वही थाना सिंगोली पर फरियादी पवन पिता भंवर लाल की रिपोर्ट पर अपराध क्रमाक 65/25 धारा 115(2), 119(1), 191(2), 3(5) बीएनएस के तहद पंजीबध्द किया ओर अपराधियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

**विधायक सकलेचा पहुंचे सिंगोली ओर घटना की जानकारी लेकर अधिकारियों को दिए सख्त कार्यवाही के निर्देश साथ ही समाज के लोगों को धेर्य रखने की बात कही** सिंगोली पहुंचने के दौरान विधायक सकलेचा ने जैन समाज के वरिष्ठ लोगों से भेट कर संतो के हालचाल जानकर जिला कलेक्टर और एसपी सिंगोली थाना टी आई से रूबरू होकर घटना के आरोपीयों पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए इस दौरान सर्व समाजजनों ने दिनभर बाजार बंद रख 4 बजे तहसील कार्यालय पर राज्यपाल ,मुख्यमंत्री,कलेक्टर,एसपी के नाम ज्ञापन सौंपते हुए घटनाक्रम को अंजाम देने वाले आरोपियों पर सख्त वैद्यानिक कार्यवाही की मांग की है। इस पर अधिकारियों ने कठोर कार्यवाही का भरोसा दिलाया है। वही पुलिस द्वारा पकड़े गये अपराधीयो के आये दिन आतंक वह उन्हें कछाला क्षेत्र में पनाह देने वाले बाहर से आकर बसने वाले उनके साथियों पर भी कठोर कार्यवाही को लेकर कछाला के सभी ग्रामवासी भी थाने पहुचे

इस निंदनीय घटना की सभी सामाजिक संगठनों ने निंदा कर सिंगोली बंद को पुर्ण समर्थन देकर ऐसी घटनाओं की पुनरावर्ती न हो इस हेतु कठोर कार्यवाही हेतु आवश्यक कदम उठाने की मांग की। शाम 5 बजे पुलिस थाना टी आई भुरा लाल भाबर के नेतृत्व में पुलिस थाने से नया बस स्टेंड, तिलस्वा चौराहा, पुराना बस स्टेंड होते हुऐ पुनः तिलस्वा चौराहा पेट्रोल पम्प होकर पुलिस थाने तक पकड़े गये अपराधीयो का जुलुस निकाला जिसमें आक्रोशित क्षेत्र वासियो द्वारा संतो के अपराधीयो को फांसी दो फांसी दो के नारो से सिंगोली गुंज उठा

**घटना से आहत बाहर के संघो के श्रावकों का सिंगोली आने का क्रम जारी** कल रात घटीत घटना से आहत राजस्थान ओर मध्यप्रदेश के श्रावको का संतो की सुखसाता पुछने के लिए सिंगोली आने का क्रम जारी कोटा भीलवाड़ा अजमेर जोधपुर नीमच जावद बिजोलिया कास्यां आदी स्थानों से समाजजन सिंगोली पहुंचे और गुरुदेव की सुखसाता पुछी

# मासिक बैठक में यूथ मूवमेंट के नये ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त




**शंभूपुरा।ओम जैन शंभूपुरा।** युवाओं को सामाजिक सरोकार के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए क्यों कि यह उन्हें समाज के प्रति जिम्मेदार बनाता है। रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा जागरूकता अभियान और जरूरमंदों की मदद कर युवा समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। यह बात सामाजिक संगठन यूथ मूवमेंट राजस्थान के संस्थापक अध्यक्ष शाश्वत सक्सेना ने रविवार को ऋतुराज वाटिका में आयोजित यूथ मूवमेंट चित्तौड़गढ़ शहर की मासिक बैठक में युवाओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सामाजिक सरोकार के कार्य युवा पीढ़ी को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने और उसे पूरा करने में मदद करते हैं। बैठक में संस्थापक अध्यक्ष शाश्वत सक्सेना ने नगरपरिषद क्षेत्र के सभी ब्लॉक की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नये ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किये हैं। चित्तौड़गढ़ शहर के कुम्भानगर ब्लॉक में धीरज बिलोची, प्रतापनगर में बहादुर सिंह राठौड़, सैंथी में विशाल यादव, सेगवा हाउसिंग बोर्ड में हिमांशु गौड़, भोईखेड़ा में मुकेश जटिया, गांधीनगर में नीतेश सिंह, कीर खेड़ा में योगेश मीणा, शहर ब्लॉक में आदित्य गोस्वामी और चंदेरिया ब्लॉक में कर्मवीर सिंह को अध्यक्ष और सह अध्यक्ष पद पर शेरसिंह को नियुक्त किया है। इसी तरह चित्तौड़गढ़ ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष पद पर सुरेश चंद सालवी और सह अध्यक्ष कन्हैयालाल गुर्जर को मनोनीत किया है। इस अवसर पर शहर के विभिन्न वार्डो के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक से पूर्व सरस्वती मां की तस्वीर के समक्ष दीप प्रवलन और माल्यार्पण किया गया। बद्रीप्रसाद तिवारी ने संचालन किया और श्यामसिंह ने आभार प्रकट किया।

# पीसीसी सदस्य शिशोदिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मनाई अम्बेडकर जयंती

## मैराथन दौड़ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**शंभूपुरा।ओम जैन शंभूपुरा।** बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती पर पीसीसी सदस्य प्रमोद शिशोदिया के नेतृत्व में समस्त कार्यकर्ताओं ने किला रोड़ स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाबा साहेब को नमन किया साथ ही बाबा साहेब के बताये मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। इससे पूर्व पीसीसी सदस्य प्रमोद शिशोदिया ने स्थानीय धावक पृथ्वीराज खटीक की 10वीं मैराथन दौड़ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जानकारी देते हुए चक्षु शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष अम्बेडकर जयंती एवं विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों में मैराथन दौड़ कर जनजागरूकता का संदेश देने वाले पृथ्वीराज खटीक की सोमवार 10वीं मैराथन दौड़ स्थानीय झांतला माता मंदिर परिसर से प्रारम्भ हुई। प्रात: 6:30 बजे कांग्रेस पीसीसी सदस्य प्रमोद शिशोदिया एवं टीम द्वारा पृथ्वीराज खटीक का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा हाथों में तिरंगा थमा कर हरी झण्डी दिखा कर मैराथन दौड़ को रवाना किया गया। इस दौरान पीसीसी सदस्य प्रमोद शिशादिया के साथ उमेश त्रिपाठी, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव संजु सेन, सहसचिव खुमेन्द्र गुर्जर, जिला सचिव दिनेश गुर्जर, रफीक खान, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष इम्तियाज हुसैन लौहार, दिनेश शर्मा, फतहलाल प्रजापत, सुरेश शर्मा, एएसआई कालुराम, राकेश माली, विरेन्द्र सिंह, कल्याण सिंह, चक्षु शर्मा, गोटू अली, पंकज मीणा, आदित्यराज चावला, गौरवराज चावला, साहिल घारू ने भी दौड़ लगाई।

# वेस्टर्न रेलवे एम्पलाई यूनियन फुटबॉल क्लब रतलाम द्वारा लगाए जा रहे कैंप की मीटिंग



**उपेंद्र पाटोदिया संवाददाता** वेस्टर्न रेलवे एम्पलाई यूनियन फुटबॉल क्लब रतलाम द्वारा लगाए जा रहे कैंप की मीटिंग आज रेलवे स्पोर्ट्स ग्राउंड पर रखी गई 20 अप्रैल से प्रारंभ होने जा रहा है कैंप की आगे की रूपरेखा के लिए समीक्षा की गई जो 22 दिन का कैंप 11मई को समापन किया जाएगा जिसमें समापन वाले दिन छोटे खिलाड़ियों अंडर 16 की टीम बुलाकर फ्रेंडली मैच रखकर समापन किया जाएगा आज मीटिंग में वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन के मंडल मंत्री मनोहर बारोट मंडल अध्यक्ष हृदेश पांडे ज समाजसेवी फैयाज मंसूरी हरीश चंदवानी सूचित उपाध्याय इकबाल भाई रिटायरमेंट गार्ड सभी ने कैंप प्रारंभ होने की समीक्षा की और आयोजन को सफल बनाने का बेड़ा उठाया कैंप में 12 वर्ष से 16 वर्ष के खिलाड़ियों द्वारा प्रशिक्षण लिया जाएगा 80 खिलाड़ियों को कैंप में 10 कोचस द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा हेड कोच अशोक नायडू मदन सर मोहन परदेसी कर राजू भाई इंडियन रेलवे खिलाड़ी एवं कमल यादव फुटबॉल खेलकूद संघ कोच रफीक भाई स्पार्टन और भी जाने-माने कोच द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा आज मीटिंग में मंजूर भाई टेबल टेनिस कोच प्रभाकर राव प्रदीप परू अनीश भाई कैलाश सिंह जाला राज डॉक्टर वैभव अजय महावर राजकुमार गुर्जर पप्पू बोरासी अनिल भटनागर कार्यवाहक जिला फुटबाल संघ के सचिव सलमान अब्बासी आदि उपस्थित थे कैंप को सफल बनाने के लिए सभी ने अपने योगदान देने की बात कही संचालन वेस्टर्न रेलवे एम्पलाई यूनियन फुटबॉल क्लब के सचिव नरेंद्र सोलंकी एवं अध्यक्ष मुबारिक आर आर खान ने किया।

# महापौर प्रहलाद पटेल व जनप्रतिनिधियों ने डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**उपेंद्र पाटोदिया संवाददाता** रतलाम भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की 134 वीं जयंती पर महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष जयवंत कोठारी, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विप्लव जैन, भाजपा जिला महामंत्री निर्मल कटारिया, मनोहर पोरवाल, मनोज शर्मा तथा जनप्रतिनिधियों ने छत्रीपुल स्थित भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे याद किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विनोद यादव, मयूर पुरोहित, निलेश गांधी, आदित्य डागा, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, पप्पू पुरोहित, अक्षय संघवी, अनिता कटारा, मनोहरलाल राजू सोनी, सपना त्रिपाठी, पार्षद परमानन्द योगी, योगेश पापटवाल, करण कैथवास, आयुषी सांकला, शबाना मनीषा चौहान पवन सोमानी, गौरव त्रिपाठी, राजेन्द्र चौहान, राजेश माहेश्वरी, शेरू पठान, विजयसिंह चौहान के अलावा नन्दकिशोर पवांर, दिनेश पटेल, योगेश कैथवास आदि ने भी डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे याद किया।

# मंडल बाग ने डां .भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई



**विशाल बाबा नामदेव** बाग अंबेडकर भवन में भारतीय जनता पार्टी मंडल बाग ने डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की 134 वी जयंती बडी धूमधाम से मनाई। सर्व प्रथम डॉ भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया । भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि सामाजिक न्याय समानता और संविधान निर्माण में भारत रत्न बाबा साहेब के अमर योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। बाबा साहेब का संपूर्ण जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है वे महान समाज सुधारक , विधिवेता और संविधान निर्माता थे । उन्होंने जीवन भर सामाजिक भेदभाव , छुआछूत और असमानता के विरुध संघर्ष किया और समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित समाज की नींव रखी ।वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर संविधान के निर्माता थे । देश के प्रति उनके योगदान को हमेशा याद रखा जायेगा । उनकी जयंती के अवसर पर हम सभी श्रद्धा सुमन अर्पित करते है । इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष बाग सरपंच वरिष्ठ भाजपा नेता, अजजा मोर्चा अध्यक्ष भाजपा नगर अध्यक्ष अजा मोर्चा अध्यक्ष सहित अनेको कर्मनिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नव कोपलों ने किया श्रृंगार जल की हर एक बूंद ने रचा चैतन्य संसार



**राजेश नाहर** बड़वानी जल आज है जल कल है जल के बिना जीवन मुश्किल है। जल गंगा संवर्धन अभियान जो कि हमें जल संचय, जल संरक्षण एवं जल के दुरुपयोग को रोकने के लिए हर वक्त याद दिला रहा है। शिवकुंज पर विगत दिनों 22 मार्च को आगजनी के कारण तलहटी में बड़ी संख्या में पौधों को नुकसान हुआ था। सारी ड्रिप जल जाने से सिंचाई व्यवस्था चरमरा गई थी किंतु शिव कुंज के स्वयंसेवकों ने भी हार नहीं मानी कलेक्टर एवं आशाग्राम ट्रस्ट के अध्यक्ष सुश्री गुंचा सनोबर के मार्गदर्शन में तथा एसडीएम बड़वानी भूपेंद्र रावत के संयोजन में तथा कृषि विभाग के उपसंचालक आरएल जमरा के साथ मिलकर जनसहयोग से हर एक झुलसे हुए पौधे तक पुन: ड्रिप व्यवस्था से सिंचाई व्यवस्था को दुरुस्त किया गया । स्वयं सेवकों की मेहनत रंग लाई और मात्र 24 दिन में झुलसे हुए पौधों पर नव कोपलों के आगमन से मानो हर मन हर्षाया है जिसने आपदा को हराया है। आज सुबह नवकोपलो की अनेक पौधों पर बहार देखकर मानो जल गंगा संवर्धन अभियान से साक्षात्कार ही हो गया जल की हर एक बूंद जीव जगत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं हमारे प्राण वायु दाता पौधों के लिए भी कितनी आवश्यक है यह शिवकुंज की क्षतिग्रस्त तलहटी में आ रही नव चेतना के माध्यम से देखा जा सकता है।

# भाजपा ने जिला मुख्यालय सहित 18 मंडलों में डॉ अंबेडकर की जयंती मनाई

## भाजपा बाबा साहब डॉ. भीमराव जी अंबेडकर के संकल्प को पूरा करने का काम कर रही - निलेश भारती जिलाध्यक्ष



**धार जिला ब्यूरो राजेश पटेल** धार।संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती भाजपा द्वारा देश भर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है । भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ने बाबा साहब जी की जयंती के अवसर पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा त्रिमूर्ती चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहब को श्रद्धासुमन अर्पित कर कार्यक्रम को संबोधित किया एवं मिठाई बाटी गई । इस दौरान अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनमचंद फकीरा, मंडल अध्यक्ष विशाल निगम, जयराज देवड़ा,भाजपा नेता अनिल जैन बाबा ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, मनीष प्रधान,दीपकसिंह रघुवंशी, हुकुम लश्करी, कालीचरण सोनवानिया, देवेंद्र रावल, सोनिया राठौड़ सहित पार्टी कार्यकर्ता एवं मोर्चे के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भाजपा जिलाध्यक्ष निलेश भारती ने सोमवार को त्रिमूर्ति चौराहे पर भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री भारती ने जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज बाबा साहब की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन करता हु। यह उन्हीं की प्रेरणा है कि देश आज सामाजिक न्याय के सपने को साकार करने में समर्पित भाव से जुटा हुआ है । उनके सिद्धांत एवं आदर्श आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण को मजबूती और गति देने वाले हैं। भारतीय जनता पार्टी ने बाबा साहब डॉ. भीमराव जी अंबेडकर के संकल्प को पूरा करने का काम किया है। भाजपा ने बाबा साहब की जन्मस्थली को तीर्थ के रूप में विकसित किया है। भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी दीपकसिंह रघुवंशी ने बताया कि संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती की पूर्व संध्या पर बाबा साहब की प्रतिमा स्टाल पर साफ सफाई कर प्रतिमा का दुग्धाभिषेक किया गया अंबेडकर जयंती पर भाजपा द्वारा जिले के सभी 18 मंडलों सहित जिला मुख्यालय पर भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई जिला मुख्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष निलेश भारती सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा जनों ने डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। उक्त जानकारी सह मीडिया प्रभारी दीपक सिंह रघुवंशी ने दी।

# विधायक निवास पर अंबेडकर जयंती मनाई




तराना:-- स्थानीय विधायक निवास पर ब्लॉक कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस साथ ही समस्त कांग्रेस संगठन तराना के द्वारा लोकप्रिय विधायक महेश परमार के मुख्य अतिथि में संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई जिसमें शहर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं समस्त संगठनों के युवा कार्यकर्ता सम्मिलित हुए साथ मिलकर सभी ने पुष्पांजलि दी लोकप्रिय विधायक महेश जी परमार के द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बारे में विचार व्यक्त किया साथ ही उनके मूल्यों को सामाजिक जीवन में किस प्रकार आत्मसात किया जाए वह इस जीवन में बिना किसी भेदभाव के अपने दायित्वों का निर्वाह किया जाए साथ ही संविधान के प्रति अपने निष्ठा और कर्तव्य का पालन किया जाए इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गजराज सिंह चौहान शहर कांग्रेस अध्यक्ष पवन बारोड़ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नरेंद्र कानडी, कैलाश गोठी, कैलाश पाण्डेय संजय जी यादव मुकेश परमार, दीपक दवे, धर्मेंद्र गुर्जर, सदानंद दीक्षित, कप्तान सिंह पंवार, विनोद जायसवाल, विजय टिपानिया, धर्मेंद्र शर्मा,शेखर शर्मा,विनोद सोनी, शेख यासीन, कामिल कुरैशी, किशोर बेरागी, कमल परमार, विजय कसाना, दीपेश परमार, रानु कारपेंटर , सईद मेव, सैयद नियमत अली, सूरज चांदना, द्वारकाधीश शर्मा, फिरोज खान, प्रदीप वाजपेई, इंदर जाट ,महेश रावल, लक्ष्मी नारायण वर्मा, राजकुमार चौरसिया, सुल्तान खान ,सिद्दकी खान ,राजा मेव, दुर्गेश कटारिया, निक्की राठौर, राकेश परमार, दीपक जनौलिया,दीपक सोलंकी, गोतम परमार, अमृत जाट, काजू खरेलिया,दिनेश पाटीदार,प्रदीप वाजपाई,विष्णु मालवीय,राम गुर्जर, राम लुहार, बद्री दा पाटीदार, पुरुषोत्तम परिहार आदि उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र गुर्जर के द्वारा किया गया आभार पार्षद सदानंद दीक्षित के द्वारा किया गया।

# संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती मनाई गयी

**राजू पटेल** मनासा– नगर परिषद मनासा के वार्ड क्रमांक 01 के बूथ क्रमांक 53 पर कुशाभाऊ ठाकरे मंडल मनासा द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती मनाई गयी कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद मनासा की अध्यक्ष डॉ सीमा अजय तिवारी, कुशाभाऊ ठाकरे मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा, नगर परिषद मनासा के ब्रांड एंबेसडर अजय तिवारी, कुशाभाऊ ठाकरे मंडल महामंत्री नरेंद्र सोडानी,वरिष्ठ भाजपा नेता रामचंद्र माली ,फकीर चंद राठौर मंचासीन थें सभी अतिथियों का भाजपा का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया कार्यक्रम को मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष डॉ सीमा



अजय तिवारी ने संबोधित करते हुवें कहां की भीमराव अंबेडकर जिन्हें बाबा साहब के नाम से भी जाना जाता है, एक महान भारतीय समाज सुधारक, विधिवेत्ता अर्थशास्त्री राजनीतिज्ञ और लेखक थे कार्यक्रम को कुशाभाऊ ठाकरे मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा ,ब्रांड एंबेसडर अजय तिवारी आदि ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया कार्यक्रम के दौरान मंडल उपाध्यक्ष विरेन्द्र सोनी, पंकज छाबड़ा, मंडल कोषाध्यक्ष हरिश एशिया,सोशल मीडिया प्रभारी दिनेश राठौर, मीडिया प्रभारी आयुष भंडारी, बूथ क्रमांक 53 के अध्यक्ष अनमोल माली,एवं बड़ी जनसंख्या में भाजपा पदाधिकारी गण एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन नगर परिषद वार्ड क्रमांक 08 पार्षद प्रवीण ज़ोनवाल , एवं आभार वार्ड क्रमांक 01 के पार्षद व कुशाभाऊ ठाकरे मंडल उपाध्यक्ष राजू माली ने माना है

# कांग्रेस कमेटी द्वारा बटियागढ़ में बड़े धूम धाम से मनाई अंबेडकर जयंती

**जिला ब्यूरो – पुष्पेंद्र सिंह लोधी** दमोह जिला के बटियागढ़ में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब की 134 वी जन्मजयंती आज बटियागढ़ में कांग्रेस कमेटी भीम युवा दल के दुआरा अम्बेडकर चौराहा पर बाबा साहब की 134 बी जन्मजयंती पर भव्य बाइक रैली निकाली गई ओर इसके बाद कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया जिसमें कांग्रेस के प्रत्याशी रहे राव ब्रजेन्द्र सिंह ने बाबा साहब के बिचारो पर प्रकाश डाला इस अवसर पर किसान कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राय गौरव गर्ग चरण सिंह विजय चौरसिया अमजद खान मनीष राज अनुभव जैन सहित समस्त कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे



# जिले मे नरवाई जलाने वालो के विरुद्ध सख्त कार्यवाही एवं अर्थ दण्ड की तैयारी


धार /उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास में बताया कि जिले में गेहूं फसल की कटाई हॉर्वेस्टर से करने के बाद कुछ किसान भाई फसल अवशेष (नरवाई) में आग लगाकर खेत की सफाई करते हैं। नरवाई जलाने से वायु प्रदूषण के साथ-साथ मिट्टी में मौजूद सूक्ष्म जीव केचुआ आदि मर जाते हैं और भूमि कठोर हो जाती है, जिससे खेत की तैयारी में अधिक ऊर्जा एवं समय लगता है । साथ ही मृदा का कार्बनिक पदार्थ भी नष्ट हो जाता है। जिससे खेत की उपजाऊ क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। जिससे दिनोंदिन उत्पादकता कम होती जा रही है। नरवाई जलाने से पशुओं का चारा (भूसा) भी जलकर नष्ट हो जाता है। जिससे नरवाई जलाना किसानों के लिए एक आत्मघाती कदम है।कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन मे प्रत्येक ग्राम पंचायत में कृषि विभाग के अमले द्वारा नरवाई प्रबंधन की जानकारी कृषक संगोष्ठियों के माध्यम से दी जा रही है। मैदानी अमले द्वारा कृषकों को नरवाई न जलाने की सलाह दी जा रही है। विकासखंड स्तर पर कृषि, राजस्व



तथा पंचायत विभाग के साथ समन्वय कर कृषकों से संवाद कर नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में बताया जा रहा है। साथ साथ विगत सप्ताह से कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा नरवाई प्रबंधन हेतु जागरूकता रथ के माध्यम से विकास खण्ड धार, तिरला, नालछा, सरदारपुर एवं बदनावर के क्षेत्रो मे नरवाई नही जलाने हेतु प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जागरुकता रथ के माध्यम से कृषकों को स्ट्रॉरीपर (भूसामशीन) से भूसा बनाना, मल्चर मशीन और जिले मे उपयोग हो रहे जुगाड़ु यंत्र पाटा द्वारा फसल अवशेषों को बारिक काटकर खेत में मिलाकर जैविक खाद बनाना, रुपर सीडर से बिना नरवाई में आग लगाये सीधे तीसरी फसल मूंग की बुआई करना, स्ट्रॉरीपर के बाद रोटावेटर या गहरी जुताई करना आदि के बारें में कृषको को जानकारी दी जा रही है।किसानो द्वारा लगातार नरवाई जलाने की घटनाए परिलक्षित हो रही है, सेटेलाईट से प्राप्त डेटा अनुसार तहसीलवार एवं ग्रामवार प्रतिदिन नरवाई जलाने संबंधित आंकडे प्रदर्शित हो रहे है। नरवाई जलाने संबंधित घटनाओ को नियंत्रण हेतु कृषको के विरूद्ध राजस्व एवं कृषि विभाग के मैदानी अमले के अधिकारियो के माध्यम से पंचनामे तैयार किये जाकर नरवाई जलाने वाले कृषको के विरूद्ध अर्थ दण्ड की कार्यवाही की जा रही है। अनुभाग धार अन्तर्गत विकास खण्ड धार, तिरला, नालछा, सरदारपुर एवं बदनावर से लगभग 83 प्रकरण तैयार किये गये है। जिन पर तहसीलदार के माध्यम से नोटिस तैयार किये जा कर अर्थ दण्ड हेतु नोटिफिकेशन एवं कार्यवाही राजस्व विभाग द्वारा की जावेगी।

# आई.एफ.डब्ल्यू. जे. पत्रकार संघ के संभाग अध्यक्ष बनाए गए राहुल बैरागी

गौरव टांकवाल पिपलौदा – रतलाम जिले के युवा पत्रकार बैरागी को आई.एफ.डब्ल्यू. जे. के राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुशंसा पर प्रथम पत्रकार हितेषी संगठन आई.एफ.डब्ल्यू. जे. के राष्ट्रीय सेक्रेटरी जनरल परमानंद पाण्डे द्वारा आपकी पत्रकारिता में रूची और संगठन के प्रति पूर्व में आपके कार्यकाल को दृष्टीगत रखाते हुए मध्यप्रदेश आई.एफ.डब्ल्यू. जे. के मध्यप्रदेश अध्यक्ष दिनेश निगम की अनुशंसा पर प्रदेश की इकाई में उज्जैन संभाग अध्यक्ष के पद पर



राहुल बैरागी को नियुक्त किया गया है मध्यप्रदेश की इकाई में पत्रकारों की बढ़ती हुई समस्याओं के निदान हेतु आप इस पद को स्वीकार कर पत्रकारों के हित में काम करे , वहीं उज्जैन संभाग अध्यक्ष राहुल बैरागी की अनुशंसा पर उपाध्यक्ष भूपेश बघेल उज्जैन, कोषाध्यक्ष लवकुश बैरागी आगर, महासचिव अजय चंद्रवंशी नीमच, सह सचिव मुकेश शर्मा नीमच, संगठन मंत्री दिलीप सौराष्ट्रीय शाजापुर को बनाया गया । वहीं सभी ईष्ट मित्रो ने नई कार्यकारणी गठित होने पर बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की गई ।

## बाबा साहब की जन्म जयंती पर भाजपा ने मालार्पण कर बांटी मिठाई



गौरव टांकवाल पिपलौदा । भारतीय जनता पार्टी मण्डल द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती पर नगर के संत रविदास चोक स्थित डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर मिठाई बांटी व उपस्थित वरिस्ठ समाजजनों का सम्मान किया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता जिला कार्यकारणी सदस्य प्रकाश जायसवाल, मण्डल अध्यक्ष दिनेश पाटीदार, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह गुडरखेड़ा, नगर अध्यक्ष मुकेश मोगरा, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष प्रफुल जैन, पार्षद प्रवीण सिंह राठौर, युवा मोर्चा जिला मंत्री नानालाल शाह, देवेंद्र भारद्वाज आदि ने अपने विचार व्यक्त कर बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला व संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पार्टी के कचरूलाल जाट, लोकेंद्र सिंह बड़ोदा, महेश बोहरा, गोपाल पटेल, नारायण धनगर, भँवरगिरी गोस्वामी, मनमोहन सिंह राणा, संजय सोलंकी, दौलतराम चंद्रवंशी, विकास धनगर, लिपेश राठौड़, सचिन परमार, अश्विन गौड़ सहित समाज के वरिष्ठजन, भीम आर्मी व अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारिगण उपस्थित थे।

# पीथमपुर के सबसे व्यस्ततम आयशर चौराहे के सुविधा कंपलेक्स पर लगा ताला

**मनीष मीणा** पीथमपुर सेक्टर नंबर 1 के आईसर चौराहे पर बने सुविधा घर पर कई महीनो से ताला लगा हुआ है और बिजली का कनेक्शन भी काट दिया गया है। जिससे वहां पर वाहन चालकों, राहगीरों एवं व्यवसायियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। काफी लंबे समय से पीथमपुर में शौचालयों की मांग थी जिस मांग पर पूर्व की परिषद ने एक निजी कंपनी की जमीन पर जन सहयोग से शौचालय का निर्माण करवाया था। जिसकी देख रेख नगर पालिका के द्वारा की जाती थी। लेकिन कुछ महीनो से यह सुविधा घर की हालत बहुत खराब होती चली गई। नतीजन इन




शौचालयों पर ताला नजर आने लगा। जिससे आम जनता को काफी परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है।

# भाजपा अजा मोर्चा ने मनाई डॉ अम्बेडकर की 135 वीं जयंती

**अजय बचले** आमला.भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा ने अंबेडकर जयंती के अवसर पर बस स्टैंड और नगरपालिका स्कूल परिसर में स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया । इसके साथ ही अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर अजा मोर्चा द्वारा परिसर में साफ



सफाई कर दीप प्रज्वलन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष रामकिशोर देशमुख, अजा मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मण चौकीकर, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक नागले, राजेंद्र ढ़ोलेकर, प्रदीप ठाकुर, राजेश पंडोले,शिवपाल उबनारे, नितिन खातरकर,रामपाल मोड़क, भानु चंदेलकर, नितिन देशमुख,बसंत ओढूकले, हरि मालवीय, विनोद परदेशी, भोला वर्मा, हेमंत गुगनानी, संजय राठौर, जोगेंद्र ठाकुर, मनोज कश्यप, मधुकर महाजन, अशोक झा, लिखीराम साहू, सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नरखेड में बड़े धूमधाम से मनाई अंबेडकर जयंती



मुलताई. मुलताई ब्लॉक के ग्राम नरखेड में बड़े धूमधाम से अंबेडकर जयंती बनाई गई सभी ग्राम वासियों द्वारा अंबेडकर प्रतिमा से रैली निकाल कर बाजे गाजे के साथ ग्राम भ्रमाण किया गया ग्राम ब्राह्मण के साथ ग्राम वासियों ने ग्राम पंचायत में पहुंचकर भीम जयंती मनाई गई ग्राम सरपंच रामदास धुर्वे उप सरपंच लीलाधर चाडू कर तथा पंच और ग्रामीण ने सामूहिक रूप से पूजा अर्चना करते हुए जयंती मनाई गई पंचायत में मिष्ठान का वितरण किया गया फिर रैली ब्राह्मण के बाद बस स्टैंड होते हुए ग्राम भ्रमण किया गया फिर वापस रैली अंबेडकर प्रतिमा के पास रैली को समापन किया गया प्रतिभा के आसपास सभी ग्रामीणों ने बुद्ध वंदना कर नन्हे मुन्ने बच्चों से केक कटवा कर अंबेडकर जयंती मनाई गई और सभी महिला पुरुषों ने अंबेडकर जी की प्रतिमा को तिलक लगाकर तथा माल्यार्पण किया गया कार्यक्रम में ग्राम सरपंच रामदास धुर्वे उप सरपंच लीलाधर चाढ़ोकार फगनू बचले शंकर नागले शैलेश गौतम लोखंडे उपमन्यु बीजाड़े शंकर नागले मारुति गोहे टिड्डू वामन राव देशमुख माल्टा मालता लोखंडे कमल सूर्यवंशी आदि सभी ग्रामीण उपस्थित रहे

# डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर मुंगावली नगर मे निकला भव्य चल समारोह

## विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया



**राजेश लोधी ( गोलू )/ जिला ब्यूरो चीफ** अशोकनगर – मुंगावली नगर में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजेन्द्र सिंह यादव ने कार्यक्रम में शामिल होकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया विधायक यादव ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए डॉ. अंबेडकर के विचारों और संविधान निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है कार्यक्रम के पूर्व नगर के अंबेडकर पार्क में एक गोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, उनके सामाजिक सुधार आंदोलनों और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। गोष्ठी के पश्चात अंबेडकर पार्क से चल समारोह प्रारंभ हुआ। यह भव्य चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। नगरवासियों ने जगह-जगह चल समारोह का पानी, ठंडाई आदि पिलाकर भव्य स्वागत किया। चल समारोह में डीजे की मधुर धुनों पर युवा नाचते-गाते नजर आए। उक्त आयोजन अंबेडकर मिशन सेवा समिति के तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष नागेंद्र परिहार, जिला उपाध्यक्ष मनीष मोदी, जिला मंत्री रंजीत राजपूत, सांसद प्रतिनिधि पुष्पेंद्र दांगी, रामराज दांगी , विधानसभा मीडिया प्रभारी रामबाबू दुबे सहित बड़ी संख्या में नगरवासी, समाजसेवी, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मालवा सभा आपके द्वार के अंतर्गत श्री मालवा जैन श्वेताम्बर तेरापंथी मालवा सभा का करवड़ में हुआ भव्य ऐतिहासिक कार्यक्रम....

**तेरापंथी श्रावक समाज करवड़ ने उक्त कार्यक्रम को बनाया एक अविस्मरणीय कार्यक्रम**

**मालवा तेरापंथ धर्मसंघ के इतिहास में सारंगी,झकनावदा,झाबुआ के बाद अब करवड़ श्रावक समाज ने बनाया एक रिकॉर्ड...**

**करवड़ का 18 वर्ष से ऊपर का पूरा तेरापंथी श्रावक समाज बना मालवा सभा का आजीवन सदस्य तो वही श्राविकाओं ने भी धर्मसंघ व मालवा सभा के प्रति अपनी आस्था दिखाते हुए ग्रहण की मालवा सभा की सदस्यता**





पेटलावद संवाददाता = धर्मेश सोनी। श्री मालवा जैन श्वेताम्बर तेरापंथी मालवा सभा द्वारा मालवा सभा आपके द्वार के तहत मालवा तेरापंथी श्रावक जनगणना व सदस्यता अभियान के अंतर्गत गत दिवस करवड़ का दौरा किया गया। करवड़ तेरापंथी सभा द्वारा आयोजित उक्त कार्यक्रम की शुरुआत महिला मंडल द्वारा मंगलाचरण से की गई। इस अवसर पर मालवा सभा के ऊर्जावान अध्यक्ष संजय गांधी ने कहा कि 90 वर्ष पुरानी मालवा सभा मे पहली बार श्रावक के साथ साथ श्राविकाओं ने भी उत्साह के साथ जुड़कर जो मालवा सभा पर विश्वास जताया है वह अनुकरणीय है।आपने इस अवसर पर मालवा सभा द्वारा चलाये जा रहे जनगणना एवं सदस्यता अभियान व आगामी अक्षय कुंभ, चौका सेवा,संपोषण आदि कार्ययोजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उक्त कार्यक्रम में मालवा सभा के मंत्री अरुण एस बी श्रीमाल ने इस अवसर पर मालवा के समस्त तेरापंथी परिवार के हर सदस्य को मालवा सभा से जुड़कर इस अभियान में अपना पूरा सहयोग देने हेतु सभी से निवेदन किया।

मालवा सभा आपके द्वार के तहत आयोजित उक्त कार्यक्रम में सभा के उपाध्यक्ष फूलचंद जी कांसवा आदि ने भी अपने विचारों की अभिव्यक्ति दी। स्वागत भाषण करवड़ सभा अध्यक्ष प्रकाश जी मांडोत ने दिया इस अवसर पर करवड़ सभा ने मालवा सभा के पदाधिकारियों का बेच लगाकर सम्मान किया ,वही स्थानीय सभा,महिला मंडल,युवक परिषद का मालवा सभा ने भी अपनी ओर से स्वागत,अभिनन्दन किया इस अवसर पर मालवा सभा के संगठनमंत्री राकेश बम्बोरी व प्रदेश मीडिया प्रभारी पंकज जे.पटवा ने बताया कि मालवा सभा आपके द्वार के तहत आयोजित उक्त गरिमामय कार्यक्रम में करवड़ तेरापंथ श्रावक समाज ने मालवा तेरापंथ इतिहास में एक बड़ी उपलब्धि दर्ज कराते हुए यहां के 18 वर्ष से ऊपर श्रावक समाज के समस्त श्रावक श्राविकाओं ने बड़े ही उत्साह के साथ एक साथ सामूहिक रूप से आजीवन सदस्यता ग्रहण कर धर्मसंघ व मालवा सभा के प्रति अपनी आस्था जताई है इस अवसर पर आगामी भावी कार्ययोजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा भी की गई व उक्त योजनाओं के मूर्त रूप देने हेतु आपसी विचार विमर्श भी किया। कार्यक्रम में मालवा सभा के कोषाध्यक्ष प्रदीप पालरेचा ने आय व्यय का ब्यौरा देते हुए कहा कि मालवा का पूरा तेरापंथी श्रावक समाज जिस तरह से मालवा सभा को जो सहयोग दे कर जिस उत्साह के साथ जुड़ता जा रहा है वह सराहनीय है इस अवसर पर कार्यक्रम का कुशल संचालन करते हुए उमेश श्रीमाल ने अतिथियों का परिचय करवाया। कार्यक्रम के अंत मे आभार ऋृराज मांडोत ने माना। उक्त कार्यक्रम में अशोक जी श्रीमाल,अमृतलालजी मांडोत, अनोखीलालजी श्रीमाल, प्रकाशजी बंबोरी, राजेश जी श्रीमाल पीयूषजी मांडोत,संतोष जी मारू (पेटलावद),आशीष बम्बोरी,शुभम मांडोत,अंकित श्रीमाल आदि वरिष्ठजन सहित बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं विशेष रूप से उपस्थित थे।

# सागौर के ग्राम जलवाय में मामूली बात पर बानोले में जमकर हुई मारपीट व पत्थर बाजी।





**मनीष मीणा** पीथमपुर के थाना सागौर अंतर्गत ग्राम जलवाय में बदमाशों के द्वारा शादी समारोह में वर निकासी के दौरान मामूली बात को लेकर जमकर तोड़ फोड़ की गई कई वाहनों के कॉच फोड़े गए शादी वाले घर पर भी पथराव किया गया। रविवार को सागौर के जलवाय ग्राम में एक बारात में एलियन, बादल एवं शंकर निवासी सागौर व अन्य साथियों ने मिलकर भयंकर उत्पादन मचाया।बारातियों को मां बहन की गालियां दी लाठी डंडों और पत्थरों से बारात ओर गाड़ियों पर हमला किया ऑल्टो कार, आईसर गाड़ी के कॉच तोड़े गए कई मोटर साइकिलो में भी तोड़ फोड़ की जिसके बाद आरोपियों ने विवाह स्थल को निशाना बनाया और जमकर पत्थर बाजी की जिसमें धर्मेंद्र पिता गब्बूलाल, विराज पिता सुभाष को सिर व हाथ पैर पर चोटे आई है। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर आरोपियों के खिलाफ धारा भा.द.वी.294,323,506,34,427 में प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# आचार्य विशुद्ध सागर जी... घट यात्रा से वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

खरगोन........मनोज मालवीय

...जीवन कुख्यात नहीं विख्यात होना चाहिए। खोटे कार्य करने की भावना कीचड़ में पत्थर फेंकने के समान है, जो स्वयं का जीवन बर्बाद करती है।

योग्यता रखी नहीं जाती, योग्यता प्रकट की जाती है।

यदि योग्यता को बढ़ाना है तो योग्य लोगों के साथ रहना चाहिए।

अयोग्य की संगति जीवन बर्बाद करती है ,ध्यान रहे सुविधाओं से योग्यता का विकास नहीं होता है

जीवन में किसी के अहित करने का भाव मन में नहीं लाना चाहिए। हमेशा हित करने का भाव रखें। जीवन में लोभ और वासना बुद्धि को भ्रष्ट करती है, इसलिए इनसे बचे।

उक्त विचार वेदी शिखर प्रतिष्ठा महा महोत्सव समारोह के प्रथम दिवस चर्या शिरोमणि श्रमणाचार्य, अध्यात्म योगी 108 श्री विशुद्ध सागर जी महाराज ने राधा कुंज सभागृह में व्यक्त किए।

पूज्य श्री ने वर्तमान जीवन शैली में अपना जीवन बर्बाद कर रहे लोगों को सुलभ मार्गदर्शन दिया।

उत्पत्ति विनाश सहित होता है

आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज ने कहा कि जिस क्रिया से वर्तमान में शांति नहीं है तो भविष्य क्या होगा। धन कमाने के लिए व्यक्ति समय पर भोजन नहीं करता, धन कमाने के लिए शरीर बर्बाद करता है, इस शरीर को बीमारियां होने पर बचाने के लिए अस्पतालों में वही धन खर्च करता है । मोबाइल पर घंटों निंदा में लगा रहता है। ध्यान रहे जो शरीर मिला है वह उत्पत्ति है,उत्पत्ति के साथ नाश प्रारंभ हो जाता है। उत्पत्ति नाश सहित है यही वस्तु तत्व है ध्यान रहे नाश उपकारी होता है जिस प्रकार भोजन यदि पेट में जाने के बाद नाश न हो तो वह नुकसान पहुंचता है इसलिए उत्पत्ति और नाश दोनों ही सार्थक है ।

घट यात्रा, वैदी शुद्धि,मंदिर शिखर शुद्धि हुई

प्रातः काल ध्वजा रोहण राधा कुंज परिसर में हुआ। प्रतिष्ठाचार्य पंडित धर्मचन्द शास्त्री दिल्ली, पंडित नितिन झांझरी इंदौर, जिनेश भैया आदि के मंत्रोच्चार व विधि विधान से संपन्न कराया।

उपरांत मस्तक पर मंगल कलश लेकर समाज महिलाएं व इंद्र इंद्राणी पोस्ट ऑफिस चौराहा पर स्थित श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर पहुंचा ,जहां प्रतिष्ठा आचार्य ने वेदी शुद्धि, मंदिर शिखर शुद्धि की ।





दोपहर में सकलीकरण इंद्र प्रतिष्ठा,मंगल प्रतिष्ठा,विधान पूजन, जाप अनुष्ठान संपन्न हुई । आरती हेतु निकली शोभायात्रा

सायंकालीन आरती करने का सौभाग्य सुनीता जितेंद्र जैन ,नेहा अरिहंत जैन ने प्राप्त किया।

टैगोर पार्क से सपरिवार बग्घी पर निकले परिवार ने भक्ति भावपूर्वक संगीत में आरती की। नव देवता मंडल, विधान अनेक धान्य से बनाया गया ।

प्रातः अभिषेक शांति धारा हुई।

रात्रि में खरगोन नगर के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर जैन धर्म का महत्व बताया।

आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य तरुण कुमार,अरुण धनोते,अभिषेक, बृजेश कुमार बड़वाह,प्रांजल, प्रदीप जैन खरगोन, दयाचंद जैन, प्रखर अनिल जैन खरगोन ने प्राप्त किया।

मीडिया प्रभारी राजेंद्र जैन महावीर, आशीष जैन ने बताया कि खरगोन पोस्ट ऑफिस चौराहा पर स्थित धर्मशाला में मंदिर 80 वर्ष प्राचीन था, जिसे सुंदर ढंग से मकराना के मार्बल से बनाया गया है।

दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष विनोद जैन, विजय जैन, प्रदीप जैन, लोकेंद्र जैन, अरुण धनोते, जितेंद्र जैन, संयोजक अनिल जैन, राकेश जैन,विवेक जैन, प्रमोद छाबड़ा, पंकज जैन, राजेश जैन,संतोष खड़के, नीना बेनाड़ा,डॉक्टर कीर्ति जैन, रजनी अजमेरा, सुनील अजमेरा, मनीष बड़जात्या, सौरभ जैन,नेहा अरिहंत जैन आदि ने सभी से समारोह में पधारने की अपील की है।



कांटाफोड़ जितु सिंगी:-- अंतर्गत दिनांक 09.04.2025 से 12.04.2025 के समय अंतराल में अलग अलग अलग स्थानो से चोरी की बारदात हुई जिन में फरियादी हरनारायण पिता बद्रीप्रसाद माली निवासी लोहारदा द्वारा सूचना दी गई कि मैं नाग मंदिर भैसून रोड लोहारदा में पुजारी हूं दिनांक 08.04.2025 को रात में 9.00 बजे शयन आरती करने के उपरांत मंदिर के गेट में ताला बंद करके बाजू में बने कमरे में सो गया था जो सुबह 6.00 बजे मंदिर में प्रवेश करने पर नाग बाबा का चांदी का मुकुट एवं 30 किलो की गेहूं की कटटी कुल कीमती करीबन 30 हजार का रात को किसी अज्ञात बदमाश द्वारा चुरा लेने की सूचना पर से थाना कांटाफोड में अपराध क्रमांक 125/25 धारा 331(4),305 (ए) बी0एन0एस0, फरियादी हुसैन पिता अशरफ खां निवासी बैरागढा द्वारा सूचना दी गई मैने मेरे खेत में मुंग की फसल बोई है जो कुए में मेरी 03 एचपी की पानी की मोटर डली हुयी है दिनांक 12.04.25 को रात करीबन 08.00 बजे मै मेरे खेत मे पानी देकर मेरे घर चले गया था एक घंटे बाद करीबन रात के 09.00 बजे जब मै खेत पर गया तो कुए मे मोटर एवं केबल नही थी कोई अज्ञात बदमाश पानी की मोटर तथा केवल चुरा कर ले गया है सूचना पर से अपराध क्रमांक 127/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0, फरियादी सत्य नारायण पिता रेवाराम यादव जाति गवली निवासी बैरागढा द्वारा सूचना दी गई कि मेरे खेत के पास एक नाला है जिसमें हमने 05 हॉर्स पॉवर की मोटर लगाकर अपने खेत की सिंचाई करता हूं दिनांक 11.04.2025 के शाम करीब 06.00 बजे मोटर बंद करके अपने घर चला गया, जो दूसरे दिन 07.00 बजे मैं अपने खेत के नाले पर मोटर चालु करने गया तो देखा मेरी 05 हॉर्स पॉवर की मोटर नही दिखी, कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी मोटर की पाईप व केबल काटकर मोटर चुराकर ले गया है सूचना पर से अपराध क्रमांक 128/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0एवं फरियादी आनंद पिता कैलाश देशवाली नि. ग्राम कोटखेडा द्वारा सूचना दी गई कि मै शासकीय स्कुल लोहारदा मे मध्यान्ह भोजन बनाने का काम करता हु दिनांक 08.04.2025 की रात को करीबन 11.30 बजे मैने अपनी मोटर सायकिल क्र. एम पी 41 एम वी 6911 को मेरे घर के सामने देवराम गवली के खेत के पास ग्राम कोटखेडा मे खड़ी कर दी थी जो मैने दुसरे दिन दिनांक 09.04.25 को सुबह के करीबन 03.00 बजे उठकर देखा तो मेरी मोटर सायकिल130/25 धारा 303(2) बी0एन0एस0के पंजीबद्ध कर विवेचना में लिये गये चोरी की घटनाओं में आरोपीयान की शीघ्र पतारसी हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय देवास श्रीपुनीत गहलोत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय ग्रामीण कन्नौद श्रीमति सौम्या जैन, एसडीओपी महोदय अनुभाग बागली सुश्री श्रृष्टी भार्गव द्वारा लगातार निर्देश प्राप्त हुये जो थाना प्रभारी कांटाफोड सुरेखा निमोदा द्वारा आरोपीयान तथा चोरी गये माल मश्रुका की तलाश हेतु टीम का गठन किया गया आरोपीयान की तलाश पतारसी हेतु प्रत्येक गांव के बनाये गये सोशल मीडिया ग्रुप एवं मुखबिरो को सक्रिय किया गया जो मुखबिरों की सूचना के आधार पर अपराध क्रमांक 125/2025 में गिरफतार शुदा आरोपी राजेन्द्र पिता जयसिंह इवने जाति गोण्ड उम्र-26 साल निवासी कोटखेडा से नाग बाबा मंदिर से चुराया गया चांदी का मुकुट एवं 30 किलो गेहूं कुल कीमती 30 हजार रूपये का जप्त किया गया जिसमें कन्नौद पुलिस का भी सहयोग रहा हैअपराध क्रमांक 127/25 एवं 128/2025 मेंआरोपीयान ज्योतिष पिता जगदीश भुसारिया जाति कोरकू उम्र 19 साल पवन पिता श्रवण भुसारिया जाति कोरकू उम्र-25 साल निवासी ग्राम बैरागढा एवं गिरधर पिता रामचरण धुर्वे जाति गोण्ड उम्र-25 साल निवासी चूना भटटी खातेगांव को गिरफतार कर पानी की दो मोटर तथा केवल कुल कीमती 38000/- रूपये की बैरागढा की पुलिया की झाडियो एवं नाहरिया पटेल की खेत की झाडियो से जप्त की गई ।अपराध क्रमांक 130/25 में आरोपी राजेन्द्र पिता जयसिंह इवने निवासी कोटखेडा द्वारा अपराध सदर की मोटरसाईकल चुराया जाना कबूल किया गया जो आरोपी की निशा देही से टी0व्ही0एस0 स्पोटर्स मोटरसाईकल कीमती 50 हजार रूपये की जप्त की गई उक्त कार्यवाही में निरीक्षक सुरेखानिमोदा, उ0नि0 विनय सिंहबघेल, सउनिसूबेदारयादव, प्र0आर0 851 सुनीलगोफनिया, प्र0आर0 789 अशोकशर्मा, प्र0आर0 790 श्रवण दायमा, आर0 1050 संजय राजावत, आर0 प्रकाश, सैनिक अर्जुन एवं सैनिक घनश्याम का सराहनीय योगदान रहा है।

# समरसता का भाव लेकर कार्य करें....विजेंद्र सिंह चौहान

**उपेंद्र पाटोदिया संवाददाता** जन अभियान परिषद ब्लॉक रतलाम द्वारा अंबेडकर जयंती पर जनपद सभा कक्ष में किया गया व्याख्यान कार्यक्रम कार्यक्रम की रूपरेखा रखते हुए जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय ने कहा कि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री एवं जन अभियान परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर मोहन यादव के नेतृत्व में महापुरुषों की जन्म जयंती के कार्यक्रम आयोजित करता है उसी क्रम में आज डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती का कार्यक्रम भी परिषद की कार्य योजना अनुसार प्रत्येक ब्लॉक में किया जा रहा है ।महापुरुषों के विचार प्रत्येक सामाजिक कार्यकर्ता के अंदर जाए और वह उन विचारों को लेकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। मुख्य अतिथि,बाबूलाल मालवीय ने अपने विचार रखते हुए कहा कि डॉक्टर अंबेडकर ने अपने जीवन आदर्शों एवं विचारों से समाज में समरसता का भाव लाने हेतु कार्य किया है। भीमराव ने समाज को एक भाव लाने के लिए विभिन्न प्रकार के आयोजन करते हुए समाज को मुख्य धारा में लाने का कार्य किया है ।। मुख्य वक्ता ,विजेंद्र सिंह चौहान ने कार्यक्रम की भूमिका को स्पष्ट करते हुए कहा कि महापुरुष ऐसे ही नहीं बनते उन्होंने इस देश धर्म और समाज के लिए अपना सब कुछ देकर के समाज को एकरूपता , समरसता में लाने



जैसे कार्य किए हैं। डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्म एक निम्न परिवार में हुआ लेकिन उनके विचार को आगे बढ़ाने में सामान्य परिवारों का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिस परिस्थिति में उन्होंने अपने घर से निकलकर अपनी शिक्षा का अध्ययन किया उसके पश्चात विदेश में जाकर के विभिन्न प्रकार की डिग्रियां प्राप्त करते हुए देश के कानून मंत्री के रूप में संविधान निर्माण में उनकी एक महत्वपूर्ण भूमिका रही है हमारा संविधान भारत का सर्वश्रेष्ठ संविधान है जिसे हम आज भी पालन करते हैं और यह डॉक्टर भीमराव की देन है कुछ महापुरुष समरस होते हैं जो समाज में समरसता के माध्यम से जागृति का कार्य करते हैं उन्हीं महापुरुषों में से एक डॉ भीमराव अंबेडकर हैं जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वोच्च न्योछावर करते हुए भारत को आगे बढ़ाने हेतु संविधान का निर्माण किया।। विशेष अतिथि कन्हैयालाल पाटीदार ने भी डॉक्टर साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार रखें और कहा कि जन अभियान परिषद ऐसे महापुरुषों को जन जन तक ले जाने का कार्य बड़ी सक्रियता के साथ कार्य कर रहा है । शबरी मंडल अध्यक्ष संजय पाटीदार ने कहा कि परिषद के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान , पक्षियों के लिए सकोर वितरण कर इस कार्य को आगे बढ़ा रहा है नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्रों का विकास एवं उनमें नेतृत्व क्षमता निखारना साथ ही विभिन्न सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका रखते हुए महापुरुषों की जन्म जयंती के माध्यम से विचारों को नीचे ले जाने का कार्य कर रहा है ।। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता राजेश सोलंकी ने किया एवं आभार ओमप्रकाश पाटीदार ने माना कार्यक्रम के अंत में विकासखंड समन्वयक शैलेंद्र सिंह सोलंकी द्वारा उपस्थित अतिथियों को प्रतीक चिन्ह के रूप में समरसता महापुरुषों के चित्र भेंट किए।। कार्यक्रम में नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि नरेंद्र श्रेष्ठ ,जितेंद्र राव, परामर्शदाता मेघा श्रोत्रिय ,हरीश सिलावट ,धनपाल शर्मा, नगर /ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियो के पदाधिकारी एवं नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम की छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।।

## जैन मुनियों पर हमले के विरोध में सौंपा ज्ञापन, दोषियों पर सख्त कार्यवाही और संतों को पूर्ण सुरक्षा की मांग

मंदसौर। रविवार की रात को नीमच जिले के सिंगोली थाना क्षेत्र में तीन जैन मुनियों पर छह बदमाशों ने हमला कर दिया। रात करीब 12 बजे आरोपियों ने लूट के इरादे से लाठी और धारदार हथियार से हमला किया। इस घटना से सकल जैन समाज और सर्व समाज में घोर आक्रोश व्याप्त है। इस घटना के विरोध में 14 अप्रैल सोमवार को सकल जैन समाज के तत्वावधान में सकल जैन समाज वीर पुत्र जयम्, दिवाकर मंच, नवयुवक परिषद, सिंधी जनरल पंचायत समाज, सकल ब्राहम्ण समाज, जाट समाज, कुमावत समाज, सेन समाज, ग्वाला समाज, राजपूत समाज, वाल्मिकी समाज, कहार समाज, राठौर तेली समाज, मराठा समाज, बोहरा समाज, माहेश्वरी समाज, पोरवाल समाज, पालीवाल समाज डबकर समाज और सर्व समाज के प्रतिनिधियों और जिला उत्सव समिति के सभी पदाधिकारियों ने पुलिस कंट्रोल रूम पर पहुंचकर एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम तहसीदार सोनिका सिंह और सीएसपी सतनामसिंह को सौंपा ।सकल जैन समाज के संयोजक श्री सुरेन्द्र लोढ़ा ने घटना की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि यह साधु-संतो पर अत्याचार हुआ है। सकल जैन समाज तीव्र विरोध करेगा। विधायक श्री विपिन जैन ने साधु संतो को सुरक्षा देने की मांग करते



हुए कहा कि इस तथ्य को पूर्ण करवाने के लिए पूरे प्रयत्नो से हम तत्पर रहेंगे।

ज्ञापन में मांग की गई है कि इस गंभीर घटना की सघन जांच कर सभी दोषियों को तत्काल गिरफ्तार किया जावें तथा अन्य दोषियों से कठोर सजा दिलवाने की व्यवस्था तथा प्रबंध किये जायें। जैन संत और साध्वियों द्वारा नियमपूर्वक पैदल विचरण किया जाता है। अत उनकी सुरक्षा की व्यवस्था पूरे प्रदेश के मार्गो में कि जावें। घटना से पूर्व जैन समाज सिंगोली द्वारा पुलिस को सूचना दी जाकर संरक्षण की मांग की गई थी, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया इसकी भी जांच कर जिम्मेदारों पर कार्यवाही की जायें।

ज्ञापन का वाचन सकल जैन समाज के संयोजक सुरेन्द्र लोढा ने किया। ज्ञापन के बाद तहसीलदार सोनिका सिंह और सीएसपी सतनाम सिंह ने कहा कि आपकी बात शासन तक पहुंचाई जायेंगी और भविष्य में ऐसी घटना न हो इस ओर गंभीरता पूर्वक ध्यान दिया जायेंगा।

इस अवसर पर विधायक विपिन जैन, सकल जैन समाज के अध्यक्ष जयकुमार बड़जात्य, संयोजक सुरेन्द्र लोढा , महामंत्रीगण मनीष सेठी, सुनील तलेरा, प्रताप कोठारी, उपसंयोजक गण अरविन्द मेहता, अशोक कुमार मारू, संजय मुरड़िया , कोषाध्यक्ष भरत कोठारी, प्रदीप कीमती, राजमल गर्ग, अक्षय मारू, सिद्धार्थ पामेचा, विजय सुराणा, जयेश डांगी, अनिल कियावत, महावीर जैन, विजयेन्द्र फांफरिया, धीरज कांकरिया, प्रकाश रातडिया, कांतिलाल रातडिया, विनोद मेहता, अनिल नाहर, विजय सुराणा, विनोद जाट, अशोक उकावत, मनोहर नाहटा, दृष्टानंद नैनवानी, वासुदेव सेवानी, दिनेश रांका, सोमिल नाहटा, रत्नेश कुदार, विक्रम मेहता, अनिल धाकड, नरेन्द्र मेहता, पं दिलिप शर्मा, पं अरविन्द मेहता, सुनिल तलेरा, अशोक चपरोत, संजय जैन, सुरेन्द्र नलवाया, विनय दुबेला, राजेश जैन, राकेश भाटी, हिम्मत लोढा, महावीर जैन, नरेन्द्र मालू, अर्पित बाकलीवाल, आनंद नाहर, संदीप धींग, पवन जैन, कपिल भंडारी, सीए अंकुश जैन, संदीप धींग, दिलिप संघवी, अर्पित ओसवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, अजय फांफरिया, उज्जवल मेहता, रमेशचंद्र चंद्रे, घनश्याम बटवाल, रविन्द्र पांडे, सुनील शर्मा, ललित भारद्वाज, क्षितिज पुरोहित, चेतन जोशी, दिनेश नागर, विश्वास दुबे, पं भूपेंद्र शर्मा, जितेंद्र व्यास, राजेश शुक्ला, पुलकित डांगी, भविक संचेती आदि उपस्थित थे।

## राजकुमार मालवी बने सूर्यवंशी कुमरावत तम्बोली चौरासी पंच संघ के अध्यक्ष






बाग - इंदौर सिमरोल में दिनांक 13.04.2025 को सूर्यवंशी कुमरावत तम्बोली समाज के चौरासी पंच समाज संघ की बैठक आयोजित कि गई जिसमे सैकड़ो समाजजनो ने भाग लिया बैठक में नवीन कार्यकारिणी के निर्वाचन हुए। जिसमे चार समाज के लोगो ने उम्मीदवार बने समाज के लोगो ने सर्व सहमती से बनाने कि कोशिशे कि जिसमे एक उम्मीदवार ने पक्ष मे सहमत हुवे लेकिन तीन उम्मीदवार वोटिंग कराने के पक्ष मे डटे रहे व तीन लोगो मे ही वोटिंग हुवा जिसमे एक को तीन वोट और दो लोगो को पांच पांच वोट मिले इस दौरान परिणाम किसी के भी पक्ष मे ना होने के कारण सभी समाजजनो मे निराशा का माहोल बना जिसके चलते आयोजक कर्ता ने बताया कि आज ही अध्यक्ष प्रक्रिया सम्पन होना चाहिए पुनः निर्वाचन कि प्रक्रिया चालू की गई जिसमे सभी समाजजनो व 13 गाँवो के समाज के अध्यक्ष ने सर्व सहमति से श्री राजकुमार मालवी को अध्यक्ष निर्वाचित किया साथ ही सभी समाजजनो ने श्री राजकुमार मालवी जी को समाज के हित मे किये गये कार्य की सरहाना करते हुए बधाई दी और आगे भी समाज के लिये हमेशा खड़े रहने व हर काम को साथ मिल कर करने मे अपना योगदान दिया है व जरुरत के वक्त हमेशा अपना मार्गदर्शक देते रहे है श्री सूर्यवंशी कुमरावत तम्बोली समाज मालवा प्रांत के 84 पंच ( 13 पंचायत ) के संरक्षक मार्गदर्शक श्री राधेश्याम मोदी, नंदकिशोर कुमरावत, व सर्व सहमति से निर्वाचित प्रक्रिया का शुभारम्भ कर इन लोगो ने चुना जवाहरलाल कुमरावत इंदौर, अंबाराम कांकरीवाल देवास, जानकीलाल मोदी नागदा, चिंतामणि जी पटेल बालगढ़, लक्ष्मीनारायण जी मोदी कम्पेल, अजय जी कांकरीवाल हाटपीपल्या, , विष्णु भारती कन्नौद, महेश जी व चुन्नीलाल जी कुमरावत बेटमा, प्रहलाद जी कुमरावत सिमरोल, , दयाराम जी कुमरावत मानपुर, हिमांशु पटेल अमझेरा, शांतिलाल जी कुमरावत दिलावरा, राधेश्याम जी कुमरावत हासलपुर, मोजूद रहे

## संविधान निर्माता के जन्मोत्सव पर मूर्ति स्थल पर श्रद्धालुओं का लगा मेला : बी.एल. हरोड़

**उपेंद्र पाटोदिया संवाददाता** संविधान निर्माता के जन्मोत्सव पर मूर्ति स्थल पर श्रद्धालुओं का लगा मेला ः बी.एल. हरोड़ रतलाम। बाबा साहब डॉ. अंबेडकर का 135 वां जन्मोत्सव श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आज का माहौल देखकर हमारी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। आज मूर्ति स्थल चहू ओर उमंग उत्साह और श्रद्धा का सैलाब था। बाबा साहब डॉ. अंबेडकर स्मारक समिति के साथ नगर के कई संस्थाओं राजनीतिक पार्टियों खासकर सत्तारुढ़ बीजेपी के जिलाध्यक्ष सुबह से ही अंबेडकर सर्कल पर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे थे। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष भी पूरे दल के साथ अन्य श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा था, सबने संविधान निर्माता के प्रति नतमस्तक होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। अंबेडकर सर्कल बाबा साहब अंबेडकर अमर रहे, जब तक सूरज चांद रहेगा। बाबा साहब का नाम रहेगा... के नारों से गुंजायमान था। स्मारक समिति की ओर से बाबा साहब को माल्यार्पण कर कृतज्ञता ज्ञापित की। स्मारक समिति के जिलाध्यक्ष बी.एल. हरोड़, यासिन मंसूरी, .आर. दडिंग, रमेश मरमर, हेमेन्द्र वाला, जगदीश सूर्यवंशी, विजया हरोड़, ज्योति बवोधा, मीनाक्षी हरोड़, रघुनाथ ढाबी, पूर्व पार्षद नासिर कुरैशी, आर.एस. गोयल, आर.सी. वाला, सोनू दडिंग, मिशका वाला सहित सैकड़ों स्त्री-पुरुषों बच्चों की उपस्थिति में बाबा साहब के जन्मोत्सव पर चार चांद लगा दिए। गर्मी के मौसम में वाल्मीकी समाज और बीजेपी की ओर से श्रद्धालुओं को ठंडी छाछ की व्यवस्था की गई



मालिक पूजा भट्ट के लिए प्रकाशक मुद्रक शानू महेश्वरी द्वारा 141 गिरिराज कॉलोनी कानी पुरा रोड उजैन मध्य प्रदेश से प्रकाशित कर उदय रत्न ऑफसेट 1/0 /02 दारू गोडाउन के आगे आगर रोड उजैन मध्य प्रदेश से मुद्रित संपादक -शानू महेश्वरी मोबाइल नंबर - 9 14826006, 8643056464, 9115154444 ( सभी विवाद का न्याय क्षेत्र उजैन मध्य प्रदेश रहेगा)कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट)